# मेट्रो Rays
आगे रखने का वादा

रांची, शनिवार, 6 सितंबर 2025

संवत 2082, भाद्रपद शुक्ल 14 मूल्य-2 रुपये

वर्ष-9, अंक 02 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028

सांध्य दैनिक





4 ▸▸ कांग्रेस के लिए अभी भी दिल्ली' बहुत दूर है

बिपाशा पर मृणाल ठाकुर की टिप्पणी को लेकर उर्फी ने दी प्रतिक्रिया ◂◂ 6


# पति ने गला रेतकर की पत्नी की हत्या, सास ससुर पर किया हमला, फिर खुद दे दी जान

संवाददाता

गोड्डाः जिले में एक पति ने अपनी पत्नी की गला रेतकर हत्या कर दी। युवक ने सास-ससुर पर भी हमला किया, जिसमें दोनों घायल हो गए। घटना को अंजाम देने के बाद युवक ने आत्महत्या कर ली। यह घटना पोड़ैयाहाट थाना क्षेत्र के लाठीबाड़ी गांव की है। मामले की सूचना पाकर थाना प्रभारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंची और घटना की जांच शुरू कर दी।

बताया जा रहा है कि पोड़ैयाहाट थाना क्षेत्र के लाठीबाड़ी गांव में शुक्रवार देर शाम आपसी विवाद में राजेंद्र पंडित नामक युवक ने अपने ससुराल में सास-ससुर के सामने अपनी पत्नी रीता की गला रेतकर हत्या कर दी। इस दौरान बीच बचाव करने आए सास-ससुर पर भी चाकू से हमला कर दिया, जिससे ससुर रामदेव पंडित और सास बिजली देवी भी गंभीर रूप से घायल हो गए। हत्या को



अंजाम देने के बाद राजेंद्र पंडित अपने घर चले गए। जहां उन्होंने आत्महत्या कर ली। युवक का ससुराल और घर एक ही गांव में था। दोनों की शादी छह साल पहले हुई थी। मामले में महिला के पिता ने बताया कि कोई कारण नहीं था। अचानक उनके दामाद राजेंद्र पंडित घर आए और उनकी बेटी की हत्या कर दी। इस दौरान महिला के माता-पिता पर भी हमला किया गया। इधर, पोड़ैयाहाट थाना प्रभारी विनय कुमार घटनास्थल पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि महिला की हत्या करने के बाद आरोपी ने आत्महत्या कर ली है। हालांकि घटना के पीछे क्या कारण है, फिलहाल यह साफ नहीं हो पाया है। मामले की जांच चल रही है।

## पत्नी ने शराबी पति की हत्या कर शव घर के अंदर गाड़ा, बदबू आने के बाद हत्याकांड का हुआ खुलासा



धनबादः टुंडी थाना क्षेत्र के बरवाटांड़ पंचायत के तिलैयटांड़ गांव में एक महिला ने शराबी पति से तंग आकर उसकी हत्या कर उसके शव को अपने ही घर में गाड़ दिया। इस मामले का खुलासा हुआ तो पुलिस ने महिला को गिरफ्तार कर लिया और शव को निकालने में जुट गई। महिला ने पति की हत्या करने की बात पुलिस के समक्ष स्वीकार कर ली है।

कैसे हुआ मामले का खुलासाः तिलैयटांड़ गांव के रहने वाले 45 वर्षीय सुरेश हांसदा की चाची का करीब 15 दिन पहले निधन हो गया था। आठ दिन पूर्व ही उसका दशकर्म (घाट) था। मगर सुरेश हांसदा दशकर्म में शामिल नहीं हुआ। साथ ही वह पिछले कई दिनों से गांव में दिखाई भी नहीं दे रहा था। इससे गांव वालों को शक होने लगा। पत्नी सुरजी मंझियाइन से उसके बारे में पूछने पर वह कुछ भी नहीं बता रही थी। इधर उसके घर से बदबू आने लगी तो गांव के कुछ युवक हिम्मत जुटाकर घर में घुसे तो सुरेश हांसदा की हत्या कर देने का संदेह हुआ। इसके बाद मामले की जानकारी टुंडी पुलिस को दी गई। टुंडी थानेदार उमाशंकर अपने साथ महिला व पुरुष बल के साथ घटनास्थल पहुंचे तो घर में गाड़ कर रखे गए सुरेश के शव को देखकर दंग रह गए। पूछताछ में पत्नी सुरजी मंझियान ने बताया कि वह अपने पति की 10 दिन पहले ही सिर पर कुल्हाड़ी से मारकर हत्या कर दी थी और उसके शव को घर के अंदर ही गाड़ दिया। महिला ने पुलिस को बताया कि उसका पति आए दिन शराब पीकर गाली गलौज करता था। इसके कारण उसने उसकी हत्या कर दी। हालांकि, गांव में यह भी चर्चा है कि महिला को अपने पति पर किसी दूसरी महिला के साथ अवैध संबंध होने का संदेह था। इसके लेकर दोनों पति-पत्नी के बीच आए दिन गाली-गलौज व झगड़ा होते रहता था।

नरम पड़े ट्रंप के तेवर, अब नरेंद्र मोदी को बताया महान प्रधानमंत्री, कहा-

# हमेशा मोदी का दोस्त रहूंगा, पीएम ने कहा- उनके विचारों की सराहना करता हूं

एजेंसी

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से प्रशंसा किए जाने पर आभार व्यक्त किया है। डोनाल्ड ट्रंप ने पीएम नरेंद्र मोदी को महान प्रधानमंत्री कहा। इस पर शनिवार को प्रतिक्रिया देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मैं अमेरिकी राष्ट्रपति की भावनाओं और उनके संबंधों के सकारात्मक आकलन की गहराई से सराहना करता हूं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार सुबह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, राष्ट्रपति ट्रंप की भावनाओं और हमारे संबंधों के सकारात्मक मूल्यांकन की हम तहे दिल से सराहना करते हैं और उनका पूर्ण समर्थन करते हैं। भारत और अमेरिका के बीच एक बहुत सकारात्मक और दूरदर्शी व्यापक व वैश्विक रणनीतिक साझेदारी है। इससे पहले, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप खुलकर प्रधानमंत्री मोदी की तारीफ करते नजर आए। भारत-अमेरिका के बीच संबंधों



को बेहद खास बताते हुए ट्रंप ने कहा कि वह और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा दोस्त रहेंगे। व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बातचीत करते हुए ट्रंप ने कहा, मैं हमेशा पीएम नरेंद्र मोदी का दोस्त रहूंगा। वे एक महान प्रधानमंत्री हैं। मैं हमेशा दोस्त रहूंगा, लेकिन मुझे इस समय वे जो कर रहे हैं, वह पसंद नहीं है। लेकिन भारत और अमेरिका के बीच एक बेहद खास रिश्ता है। इसमें चिंता की कोई बात नहीं है। बस कभी-कभी हमारे बीच कुछ खास पल आते हैं। इस दौरान, डोनाल्ड ट्रंप भारत को चीन के हाथों खोने संबंधी अपनी टिप्पणी से पीछे हटते दिखाई दिए। ट्रंप से उनके बयान के बारे में पूछा गया, क्या उन्होंने भारत को चीन के हाथों खो देने के लिए किसी को जिम्मेदार ठहराया है? जवाब में उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि हमने किसी को जिम्मेदार ठहराया है। गौरतलब है कि पिछले कुछ दिनों में भारत और अमेरिका के संबंधों में तनाव आया, क्योंकि अमेरिका ने भारत के आयात पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाया। डोनाल्ड ट्रंप ने अगस्त में भारत पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाया था, और फिर रूस से तेल खरीद का हवाला देते हुए अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क जोड़ा। भारत ने जवाब में अमेरिका के इस कदम को अनुचित बताया।

# मुंबई में धमाकों की धमकी देने वाला नोएडा से गिरफ्तार, 34 मानव बम लगाने का किया था दावा

एजेंसी

**नोएडा/मुंबई :** मुंबई में बम धमाकों की गंभीर धमकी देने के मामले में उत्तर प्रदेश के नोएडा से अश्विन कुमार सुप्रा (50) नाम के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। मुंबई क्राइम ब्रांच ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया। आरोपी मूल रूप से बिहार का रहने वाला है। उसके पास से धमकी देने में इस्तेमाल किया गया मोबाइल फोन और सिम कार्ड जब्त कर लिया गया है। पुलिस ने उसे मुंबई लाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है और आगे की जांच जारी है। मुंबई ट्रैफिक पुलिस को हाल ही में उनके आधिकारिक व्हाट्सएप नंबर पर एक धमकी भरा संदेश मिला था। इसमें दावा किया गया था कि शहर में 34 वाहनों में 34 मानव बम लगाए गए हैं। धमकी में कहा गया कि इन बमों में 400 किलोग्राम आरडीएक्स का इस्तेमाल किया जाएगा, और विस्फोट से पूरी मुंबई दहल जाएगी। इस संदेश में खुद को लश्कर-ए-जिहादी नामक आतंकी संगठन से जोड़ने का भी दावा किया गया। साथ ही यह भी कहा गया कि 14 पाकिस्तानी आतंकवादी भारत में घुस चुके हैं। इस धमकी के बाद मुंबई



पुलिस ने शहर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम कर दिए हैं और हर कोण से जांच की जा रही है। यह पहला मौका नहीं है जब मुंबई को बम धमकी मिली हो। पिछले महीने नवी मुंबई पुलिस को एक कॉल के जरिए सूचना दी गई थी कि मुंबई-अहमदाबाद उड़ान में बम है और छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को भी उड़ाने की धमकी दी गई थी। संयुक्त पुलिस आयुक्त कार्यालय को दोपहर 2 से 2:30 बजे के बीच दो कॉल प्राप्त हुए थे। हालांकि जांच के बाद कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली थी, और कॉल करने वालों की पहचान कर ली गई थी। लगातार मिल रही धमकियों के चलते मुंबई पुलिस और अन्य एजेंसियां हाई अलर्ट पर हैं। रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट, बस अड्डे, और भीड़भाड़ वाले इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वॉड लगातार गश्त कर रहे हैं। मुंबई पुलिस अब इस मामले में साइबर एंगल से भी जांच कर रही है कि आरोपी अश्विन कुमार सुप्रा का किसी आतंकी नेटवर्क से कोई संपर्क था या नहीं। शुरूआती जांच में यह मानसिक रूप से असंतुलित व्यक्ति द्वारा दी गई झूठी धमकी लग रही है, लेकिन पुलिस कोई भी जोखिम उठाने को तैयार नहीं है।

## चोरी का विरोध करने पर वृद्ध महिला की हत्या

देवघरः जिले से एक सनसनीखेज घटना की खबर आ रही है। दरअसल, यहां घर में चोरी करने आए बदमाशों ने एक वृद्ध महिला पर चाकू से हमला कर उसकी हत्या कर दी। इस घटना के बाद पूरे इलाके में तनाव का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना जिले के रिखिया थाना क्षेत्र के फतेहपुर गांव में देर रात हुई। मृतक वृद्ध महिला की पहचान 81 वर्षीय कमली देवी के रूप में हुई है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि कुछ लोग चोरी की नीयत से घर में आए और कीमती सामान चुराकर चले गए। इस दौरान जब कमली देवी ने विरोध किया तो उसकी चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। इधर, घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। अपराधियों की धरपकड़ के लिए छापेमारी की जा रही है।

# पंजाब में 2000 से अधिक गांव बाढ़ की चपेट में, पीएम करेंगे दौरा

एजेंसी

चंडीगढ़ः पंजाब के कई जिलों में आई बाढ़ ने किसानों की फसलों, घर सब कुछ तबाह कर दिया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पंजाब समेत कई बाढ़ प्रभावित राज्यों का दौरा कर सकते है। जानकारी के अनुसार ये दौरा केंद्रीय सहायता से पहले किया जाएगा ताकि प्रधानमंत्री स्वयं बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर सकें और स्थिति का आकलन कर सकें। पंजाब में हाल ही में आई भीषण बाढ़ से व्यापक तबाही हुई है, जिससे कई लोगों को अपनी जान और घर-बार गंवाने पड़े हैं। इस दौरे से प्रभावित क्षेत्रों में राहत और पुनर्वास कार्यों में तेजी आने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री के दौरे से प्रभावित लोगों को सरकार की ओर से तत्काल सहायता मिलने का विश्वास भी बढ़ेगा। गौरतलब है कि पीएम मोदी ने हाल ही में जापान और चीन दौरे से लौटने के बाद पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान से बात की थी। केंद्र सरकार लगातार प्रभावित राज्यों को राहत और बचाव कार्यों में सहयोग दे रही है। गौरतलब है कि पंजाब में बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 43 पहुंच गई है। वहीं, पंजाब में करीब 2000 से अधिक गांव बाढ़ में डूब गए हैं।





## दिल्ली के कई इलाकों में पानी भरा,यूपी के मथुरा में कॉलोनियां डूबीं

### 5 दिन से बंद चारधाम यात्रा आज से फिर शुरू



नई दिल्लीः दिल्ली में शनिवार को भी यमुना नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। मॉनेस्ट्री मार्केट, यमुना बाजार, वासुदेव घाट, निगम बोध घाट, मयूर विहार और कश्मीरी गेट समेत शहर के कई हिस्सों में बाढ़ जैसे हालात हैं। शुक्रवार को सिविल लाइंस के स्वामीनारायण मंदिर परिसर में 5 फीट तक पानी भर गया था। उत्तर प्रदेश के मथुरा में 20 से ज्यादा कॉलोनियों में यमुना का पानी घुस गया है। आगरा में ताज महल की बाउंड्री तक यमुना का पानी पहुंच गया है। इसके पीछे बना पार्क डूब गया है। शुक्रवार को शहर में तेज बारिश से 50 से ज्यादा सड़कों पर 4 फीट तक पानी भर गया। इससे बाइक-कार डूब गईं। उत्तराखंड में शनिवार से चार धाम यात्रा फिर से शुरू हो गई है। सरकार ने खराब मौसम और लगातार बारिश के कारण 1 से 5 सितंबर के बीच यात्रा रोकी दी थी। आज से चारधाम यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन भी शुरू किया गया है।

# साल का आखिरी चंद्र ग्रहण कल, कुछ राशियों पर पड़ेगा नकारात्मक प्रभाव

एजेंसी

नई दिल्ली :इस साल का दूसरा और आखिरी पूर्ण चंद्र ग्रहण 7 सितंबर यानी कल है। जब धरती सूर्य और चंद्रमा के बीच आ जाती है और अपनी छाया चांद पर डालती है, तब चंद्र ग्रहण होता है। यह खगोलीय घटना न सिर्फ वैज्ञानिकों के लिए खास है, बल्कि धार्मिक, ज्योतिषीय और सांस्कृतिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जाती है। इस बार का चंद्र ग्रहण रात 9 बजकर 58 मिनट पर शुरू होगा और 8 सितंबर की रात 1 बजकर 26 मिनट पर समाप्त होगा। चंद्रमा पूरी तरह धरती की छाया में डूब जाएगा, जिसे आम भाषा में ब्लड मून कहा जाता है।



ऐसा इसलिए होता है क्योंकि चंद्रमा उस समय हल्के लाल रंग का दिखता है। यह पूरा ग्रहण लगभग 3 घंटे 28 मिनट तक चलेगा और भारत के सभी हिस्सों में आसानी से दिखाई देगा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, चंद्र ग्रहण के समय सूतक काल लगता है, जिसे अशुभ काल कहा जाता है। इस बार सूतक काल दोपहर 12 बजकर 57 मिनट से शुरू होगा, जो ग्रहण मोक्ष यानी समाप्ति के समय रात 1:26 बजे तक जारी रहेगी। इस दौरान मंदिरों के दरवाजे बंद कर दिए जाते हैं। पूजा-पाठ, भोजन बनाना, या खाना खाना मना होता है। गर्भवती महिलाओं को विशेष सावधानियां बरतनी चाहिए, जैसे कि नुकीली चीजों से दूर रहना और बाहर न निकलना। इस समय केवल भगवान का नाम जपना, मंत्र जाप करना और ध्यान लगाना ही शुभ माना जाता है। माना जाता है कि इस दौरान मंत्रों की शक्ति कई गुना बढ़ जाती है। ज्योतिष के मुताबिक, यह चंद्र ग्रहण भी बेहद खास है क्योंकि यह शनि की राशि कुंभ और गुरु के नक्षत्र पूवार्भाद्रपद में लग रहा है। साथ ही राहु चंद्रमा के साथ युति बना रहा है, जिससे ग्रहण योग बनता है। यह योग कुछ राशियों के लिए थोड़ी मुश्किलें लेकर आ सकता है। वृषभ, तुला और कुंभ राशि वाले लोगों को खास सतर्क रहने की जरूरत है। वृषभ राशि वालों को स्वास्थ्य और व्यापार में परेशानी हो सकती है, तुला राशि के लोगों को मानसिक तनाव और धन के मामलों में नुकसान झेलना पड़ सकता है, जबकि कुंभ राशि में तो ग्रहण लग ही रहा है, इसलिए उनके लिए यह समय काफी संवेदनशील माना जा रहा है। इन समस्याओं के समाधान के तौर पर वृषभ राशि के लोग सफेद वस्त्र पहनें और दूध का दान करें। तुला राशि के लोग देवी लक्ष्मी की पूजा करें और वस्त्र दान करें, और कुंभ राशि के जातक महामृत्युंजय मंत्र का जाप करें। ग्रहण समाप्त होने के बाद हर व्यक्ति को स्नान करके साफ वस्त्र पहनने चाहिए, भगवान को भोग लगाना चाहिए, और जरूरतमंदों को दान देना चाहिए। इससे मन को शांति और जीवन में शुभ ऊर्जा मिलती है।

# 20 लोगों से भरी नाव शारदा नदी में पलटी, तीन की मौत

एजेंसी

**लखीमपुर खीरी:** जनपद के नकहा क्षेत्र में 20 ग्रामीणों को लेकर जा रही नाव अधूरे पुल के पिलर से टकरा गई, जिससे नाव शारदा नदी में पलट गई। नाव पर सवार पिता-पुत्री व एक अन्य व्यक्ति नदी में बह गए। जबकि अन्य ग्रामीणों को सकुशल निकाल लिया गया है। कुछ लोग तैरकर किनारे पर आ गए।

सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। अफसर भी मौके पर पहुंचे। लापता पिता-पुत्री की तलाश में एनडीआरएफ की टीमें लगाई गई हैं। अपर पुलिस अधीक्षक विवेक तिवारी, एसडीएम अश्वनी सहित अन्य अधिकारियों ने मौके का जायजा लिया।

ग्रामीणों के मुताबिक हादसा



शनिवार सुबह करीब आठ बजे हुआ। बताया जा रहा है कि ग्रामीण नाव से शारदा नदी के दूसरे छोर पर जा रहे थे। इसी दौरान नौव्वापुर घाट पर अधूरे पड़े पुल के पिलर से टकराकर नाव नदी में पलट गई। बहाव तेज होने की वजह से ग्रामीण बहने लगे।

नाव पलटने और लोगों को बहता देख दूसरी छोर पर खड़े ग्रामीणों ने नदी में छलांग लगा दी और उन्हें रस्सी के सहारे बाहर निकाला। लेकिन पिता-पुत्री को नहीं बचा पाए। दोनों तेज बहाव के कारण पानी में बहते चले गए। उनका पता नहीं चला है। मौके पर पहुंचे एसडीएम सदर अश्वनी कुमार सिंह ने बताया कि एनडीआरएफ की टीम लापता पिता-बेटी की तलाश कर रही है। उधर, हादसे के बाद लापता पिता-पुत्री के परिवार में कोहराम मचा है। बता दें कि शारदा नदी उफान पर बह रही है।

न्यूज IN ब्रीफ

## डीवीसी केटीपी में कैंटीन श्रमिकों को दिया गया सुरक्षा प्रशिक्षण, बढ़ी जागरूकता



**कोडरमाः** डीवीसी केटीपीएस सुरक्षा हॉल, तकनीकी भवन, डीवीसी केटीपी में थर्मल पावर प्लांट गतिविधियों में लगे एजेंसी कैंटीन श्रमिकों के लिए एक सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। सत्र के. डी द्वारा दिया गया. थाइंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल सेफ्टी मैनेजमेंट, जमशेदपुर से रॉय, जिन्होंने कैंटीन संचालन, निवारक उपायों और मानक संचालन प्रक्रियाओं का पालन करने के महत्व में औद्योगिक सुरक्षा प्रथाओं पर मूल्यवान अंतर्दृष्टि साझा की। इस घटना को लक्ष्मीकांत मोंडल, डीजीएम (सुरक्षा) द्वारा अच्छी तरह से समन्वित किया गया था, साथ ही उनकी समर्पित टीम के सदस्यों में गोपाल हाल्डर, भोला बर्मन और श्रीकांत सामंत मौजूद थे। यह पहल सुरक्षा के प्रति डीवीसी की मजबूत प्रतिबद्धता को दशार्ती है, अपने श्रमिकों, कर्मचारियों और संगठन के लिए एक सुरक्षित और सुरक्षित काम के माहौल को सुनिश्चित करती है। वहीं कार्यक्रम को लेकर धन्यवाद ज्ञापन डीवीसी केटीपीएस टीम से नवीन कुमार द्वारा किया गया।

## नेताजी चौक पर मिले रहस्यमयी खून के दाग से मचा हड़कंप



**खूंटीः** शहर के सबसे व्यस्तम इलाके नेताजी चौक स्थित मोती लाल गली में शनिवार सुबह से सैकड़ों लोगों की भीड़ जमा है, जिसका कारण है वहां पाया गया रहस्यमयी खून है।

मोती लाल गली का एक हिस्सा खून से लाल पाया गया, जिसने लोगों के बीच डर और उत्सुकता की लहर पैदा कर दी है।

घटना स्थल पर पहुंचे हमारे लोगों ने बताया कि गली में काफी मात्रा में खून बिखरा हुआ है और उसे साफ करने के लिए दोना, पेपर जैसी चीजों के इस्तेमाल के निशान भी मिले हैं। आस-पास के निवासियों और दुकानदारों का कहना है कि यह घटना रात के सुनसान समय में घटी होगी, क्योंकि रात करीब 10-11 बजे तक और सुबह 4 बजे के बाद से यहां लोगों का आना-जाना लगा रहता है।

लोगों का अनुमान है कि यह किसी इंसान का खून हो सकता है, हालांकि इसकी पुष्टि अभी तक नहीं हो पाई है। इस पूरे मामले ने इलाके में दहशत का माहौल बना दिया है, और हर कोई इस रहस्य से पर्दा उठने का इंतजार कर रहा है कि आखिर यहां हुआ क्या?

सबसे बड़ी चिंताः सीसीटीवी न होना है,

इस मामले की सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि इतने व्यस्त इलाके में भी ऐसी कोई दुकान या प्रतिष्ठान नहीं है, जहां के सीसीटीवी कैमरे में इस घटना का रिकॉर्ड मिल सके। इस वजह से घटना की सच्चाई का पता लगाना पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौती बन गया है।

स्थानीय लोगों ने एक गंभीर आरोप यह लगाया है कि अब तक पुलिस की कोई टीम घटना स्थल पर नहीं पहुंची है। लोगों का कहना है कि त्वरित जांच ही इस रहस्य को सुलझा सकती है।

अभी यह स्पष्ट नहीं है कि यह खून किसी अपराध का है, दुर्घटना का है या फिर किसी और वजह से है। पुलिस के आने और जांच शुरू करने के बाद ही इस सवाल का जवाब मिल पाएगा कि आखिर रात में मोती लाल गली में क्या हुआ था।

## झारखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने कोर्ट निरीक्षण व तिलैया डैम का किया अवलोकन



कोडरमाः झारखंड उच्च न्यायालय रांची के मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान ने कोडरमा न्याय मंडल का निरीक्षण किया। इस दौरान पूरे न्यायालय परिसर का निरीक्षण किया गया। उनके साथ मुख्य न्यायाधीश की धर्मपत्नी अमनदीप चौहान झारखंड उच्च न्यायालय के महानिबंधक मनोज प्रसाद भी मौजूद थे। इसके पूर्व कोडरमा परिसदन में उनका भव्य स्वागत कोडरमा न्यायमंडल एवं जिला प्रशासन की ओर से किया गया। साथ ही साथ उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस क्रम में कोडरमा न्यायमंडल में क्रीज का भी उद्घाटन किया गया माननीय मुख्य न्यायाधीश महोदय ने फीता काटकर क्रीज का उद्घाटन किया गया। मौके पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश बाल कृष्ण तिवारी, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय अमितेष लाल, उपायुक्त ऋतुराज, जिला जज प्रथम गुलाम हैदर, जिला जज द्वितीय संजय कुमार चौधरी, जिला जज तृतीय राकेश चंद्रा, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अमित कुमार वैश, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मनोरंजन कुमार, अवर न्यायाधीश तृतीय प्रज्ञा बाजपेई, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी शिवांगी प्रिया, अपर समाहर्ता पूनम कुजूर, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कनक तिर्की, एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय रतिभान सिंह, डीवीसी केटीपीएस प्रमुख मनोज ठाकुर सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# धनबाद में बड़ा हादसा- कोयला खदान में भूस्खलन, सर्विस वैन 400 फीट गहरी खाई में गिरी, 6 मजदूरों की मौत

संवाददाता

**धनबाद :** जिले में शुक्रवार को भूस्खलन के कारण एक वैन 400 फुट गहरी खुली खदान में गिर गई। वाहन में सात-आठ लोग सवार थे। बताया जा रहा है कि अचानक भूस्खलन होने के कारण वैन खदान की तलहटी में जमा पानी में गिर गई। वहीं इस घटना में 6 लोगों की मौत हो गई। बता दें कि यह घटना रामकनाली पुलिस थाना क्षेत्र के भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) एरिया-4 स्थित एक खुली खदान में भूस्खलन होने के कारण हुई। खदान के निकट कई घर और कुछ अस्थायी ढांचे भी ढह गए। घटना की सूचना पाकर बीसीसीएल के अधिकारी,रेस्क्यू टीम मौके पर पहुँची। साथ ही कतरास थाना, रामकनाली ओपी, अंगार पथरा ओपी के प्रभारी अपने दल बल के साथ भी पहुंचे है। स्थानीय लोगो मे बीसीसीएल के प्रति आक्रोश है। बीसीसीएल अधिकारी के वाहन को घेर नारेबाजी कर अपना आक्रोश जताया।

सांसद ढुलू महतो ने उच्च स्तरीय जाँच कराने की बात कहीः वही सांसद ढुलू महतो मौके पर पहुँचे। बीसीसीएल अधिकारी से घटना की जानकारी लिया। सांसद ढुलू महतो ने बताया कि अब तक 6 मजदूरों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। घटना के लिये बीसीसीएल की जिम्मेदार ठहराते हुए उच्च स्तरीय जाँच कराने की बात कही है। बाबूलाल मरांडी ने घटना पर किया दुख व्यक्तः झारखंड भाजपा प्रमुख और राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी ने घटना पर दुख व्यक्त किया और इसकी जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि धनबाद में बीसीसीएल कतरास क्षेत्र के अंबे खनन आउटसोर्सिंग स्थल पर श्रमिकों की असामयिक मृत्यु "बेहद दुखद" है। मरांडी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, कोल इंडिया मुख्यालय को पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच करानी चाहिए। घटना के जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए कड़े सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने चाहिए। इसके अलावा, प्रभावित परिवारों को उचित मुआवजा देना चाहिए और उनके आश्रितों के लिए रोजगार की व्यवस्था करनी चाहिए।



# ईद-ए-मिलादुन्नबी पर निकाला गया भव्य जुलूस,'मरहबा' के नारों से गूंज उठा शहर



संवाददाता

**खूंटी :** ईद-ए-मिलादुन्नबी के अवसर पर शनिवार को खूंटी जिले में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने एक भव्य और शांतिपूर्ण जुलूस निकाला। जुलूस के दौरान पूरा शहर 'मरहबा या अली' और पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब की शान में नारों से गूंज उठा। यह जुलूस बड़ी मदीना मस्जिद से शुरू होकर लियाकत अली मार्ग, लाइन कर्रा रोड, बारपिंडा, मेला टांड़ होता हुआ वापस कर्रा रोड से आजाद रोड, निचला चौक और ऊपरी चौक से गुजरता हुआ जन्नत नगर में समाप्त हुआ। जुलूस में मुस्लिम समुदाय के हजारों लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

जिला प्रशासन ने जुलूस के दौरान किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की थी, जो पूरे आयोजन के दौरान सक्रिय और मुस्तैद नजर आई।

ईद-ए-मिलादुन्नबी के कार्यक्रम पर बोलते हुए मदीना मस्जिद के इमाम मुफ्ती आयाज साहब ने कहा, दुनिया में अच्छा इंसान वही है जो दूसरों की भलाई करे। हजरत मोहम्मद साहब का संदेश हमेशा से पूरी मानवजाति के बीच भाईचारा, प्रेम और एकता कायम रखना रहा है। हमें हमेशा एक-दूसरे से मिल-जुलकर रहना चाहिए।

इस अवसर पर मदीना मस्जिद के मुफ्ती मोहम्मद अयाज साहब, झामुमो जिलाध्यक्ष जुबेर अहमद, सुशील पहान, शंकर सिंह मुंडा, तनवीर खान, तौसीफ अंसारी, प्रकाश मंडा, विमल पहान, जुलूस सदर सगीर अंसारी, सेंट्रल मोहर्रम कमेटी के सैय्युम अंसारी, शमीम अंसारी, अंजुमन इस्लामिया के सदर शमशाद अंसारी, सचिव खालिद हुसैन, फहीम अंसारी, मोहम्मद रिजवान खान, इकराम अंसारी, अजमत अंसारी, अरशद अंसारी, पिंटू अंसारी, शमीम उर्फ बड़कू अंसारी, अफान अंसारी, मिनहाज अंसारी, मोहम्मद नईम सहित शहर के कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

## सत्यम शिवम सुंदरम उच्च विद्यालय में मनाया गया शिक्षक दिवस



संवाददाता

**कोडरमा :** जिले के डोमचांच प्रखंड अंतर्गत फुलवरिया में संचालित सत्यम शिवम सुंदरम उच्च विद्यालय में बड़े ही धूमधाम से शिक्षक दिवस समारोह मनाया गया जहाँ स्कूली बच्चों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए तथा शिक्षकों को सम्मानित किये, साथ ही साथ विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षकीओं को विद्यालय परिवार की ओर उनके सम्मान में उपहार भी भेंट की गई, जहां बच्चों ने अलग अलग नृत्य गीत, स्पीच, व एक्टिंग के जरिये सभों का दिल जीता। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशक सुखदेव हजाम ने दीप प्रज्वलित कर डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्ण के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। निदेशक सुखदेव हजाम ने बच्चों के प्रतिभा को सराहते हुए संबोधित किया व ढेरों शुभकामनाएं दी। विद्यालय का वरिष्ठ शिक्षक आशीष मिस्त्री ने बच्चों को यह संदेश देते हुए अपने गुरु के विचारों पर चलने की बात कही। प्राचार्य रामकृष्ण मेहता ने बच्चों के कार्यक्रम में अपनी भागीदारी निभाते हुए बच्चों के साथ इस दिन को अलग तरीके से मनाया और विद्यालय परिवार को संबोधित करते हुए ये कहा कि माता-पिता के बाद शिक्षक ही हमारे जीवन को एक सही राह देते और बेहद महत्वपूर्ण भूमिका भी निभाते हैं। मौके पर शिक्षक प्रदीप कुमार मेहता, अरुण कुमार गुप्ता एवं शिक्षिका ममता कुमारी सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाएं, बच्चे इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

## एनके एरिया की मौजूदा स्थिति को देखते हुए संयुक्त मोर्चा ने किया गेट मीटिंग

**खलारी :** एनके एरिया अंतर्गत केडीएच परियोजना में प्रथम पाली में संयुक्त मोर्चा ने गेट मीटिंग किया । ज्ञात हो कि पिछले दिनों परियोजना स्तरीय यूनियनों के संयुक्त मोर्चा ने कामगारों के समस्याओं को लेकर मानव संसाधन विभाग की लेटलतीफी और विभागीय अधिकारी का यूनियन प्रतिनिधियों के साथ पेश होने की कार्यशैली कामगारों के कार्यों का समय से नहीं होना आदि विषय को लेकर आठ सूत्री मांगपत्र 21

## 28वें राज्यस्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता पर रांची का कब्जा

संवाददाता

**खूंटी :** भगवान बिरसा मुंडा की धरती खूंटी जिले के सिंदरी गांव में शुक्रवार को सिंदरी +2 विद्यालय मैदान में 28वें राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शानदार तरीके से आयोजन किया गया। जिसमें आठ जिला के टीमों के बीच खेला गया । इस टूर्नामेंट में खूंटी ,धनबाद, बोकारो, हजारीबाग ,जमशेदपुर,



चाईबासा एवं रांची की टीमों ने हिस्सा लिया । प्रतियोगिता के फाइनल में धनबाद और रांची के टीम के बीच मुकाबला हुआ जिसमें रांची की टीम 2-0 से हराकर विजेता बनी । विजेता को 10000 नगर एवं ट्रॉफी, उपविजेता टीम को 8000 नगद एवं ट्रॉफी कमेटी की ओर से पुरस्कृत किया गया । तीसरे और चौथे स्थान पर हजारीबाग एवं जमशेदपुर टीम को पुरस्कार स्वरूप 5000 - 5000 नगद राशि दिए गए ।

# बैजनाथ प्रसाद स्नेही कॉलेज में शिक्षकों के सम्मान में हुआ भव्य आयोजन



मेट्रो रेज संवाददाता

**डोमचांचः** बैजनाथ प्रसाद स्नेही कॉलेज, डोमचाँच, कोडरमा में 5 सितंबर शिक्षक दिवस के अवसर पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सचिव हिमांशु कुमार, प्राचार्य डॉ. भूपेंद्र ठाकुर एवं उपस्थित अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित एवं डॉ. सर्वोपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। अतिथियों का स्वागत तिलक लगाकर बी. एड. प्रशिक्षु - सोनम, काजल, अनुराधा, प्रियंका एवं सिम्पी स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम में सभी प्रशिक्षुओं ने उत्साहित होकर अपनी अपनी भूमिका निभाई। ग्रुप द्वारा समूह नृत्य प्रस्तुत कर सभी दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सचिव हिमांशु कुमार ने कहा कि एक शिक्षक की दी हुई शिक्षा से ही बच्चे आगे चलकर देश के कर्णधार बनते है, शिक्षा का मतलब सिर्फ किताबी ज्ञान ही देना नहीं है। जब तक शिक्षक शिक्षा के प्रति समर्पित कर प्रतिबद्ध नहीं होगा तब तक शिक्षा को मिशन का रूप नहीं मिल पाएगा। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. भूपेंद्र ठाकुर ने कहा कि शिक्षक समाज का वो हिस्सा है जो आने वाले समाज का निर्माण करते है। एक बच्चे को बेहतर और सामाजिक बनाने का काम एक शिक्षक से बेहतर कोई नहीं कर सकता। व्यक्ति के जीवन को बनाने में माता- पिता के बाद शिक्षकों का ही अमूल्य योगदान होता है। कार्यक्रम में मंच संचालन सिम्पी एवं चंदन द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। समस्त कार्यक्रम प्रो. हरीश कुमार नीरज के कुशल निर्देशन में सम्पन्न हुआ।

## झारखण्ड शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में मनाया गया शिक्षक दिवस

कोडरमाः भारत के पूर्व राष्ट्रपति, भारतरत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में पांच सितंबर को शिक्षक दिवस मनाया गया। महान शिक्षाविद, समाज सेवी महाविद्यालय के सचिव डॉ. डी.एन. मिश्रा ने उनके चित्र पर पुष्पाजंलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार यादव डीएलएड. विभगाध्यक्ष प्रो. मीना कुमारी आई. क्यू.एसी. समन्वयक प्रो. सुरभी कुमारी प्रो सुनील कुमार प्रो सूरज कुमार, प्रो सविता कुमारी, पुस्तकालय अध्यक्ष राजेश कुमार, श्रीमती रीना कुमारी, लेखापाल विक्रम कुमार सिन्हा, कम्प्यूटर टेकनिशियन दुर्गा पंडित, दिलीप बिन्द, मनोरमा देवी, बीएड एवं डीएलएड के अध्ययनरत प्रशिक्षु उन्हें सादर पुष्पाजंलि अर्पित की और बढ़ चढ के भाग लिया।

## मंजुला शर्मा मेमोरियल एकेडमी में धूमधाम से मनाई गई ,डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जयंती, शिक्षकों को किया गया सम्मानित

संवाददाता

**डोमचांच :** शिक्षा, संस्कार और कृतज्ञता से ओतप्रोत वातावरण में शुक्रवार को मंजुला शर्मा मेमोरियल एकेडमी में महान दार्शनिक, विद्वान, शिक्षक और भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगीत से हुआ। इसके पश्चात विद्यालय चेयरमैन प्रो. डॉ. केपी. शर्मा, प्रख्यात शिक्षाविद् राम प्रवेश पांडेय तथा सभी शिक्षकों ने डॉ. राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर पूरा परिसर गुरु-भक्ति और सम्मान की भावना से सराबोर हो उठा। चेयरमैन प्रो. डॉ. केपी. शर्मा ने अपने संबोधन में कहा– शिक्षक वह दीपक हैं जो स्वयं जलकर दूसरों के जीवन में प्रकाश फैलाते हैं। डॉ. राधाकृष्णन का जीवन हमें यह सिखाता है कि शिक्षा केवल पुस्तक तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज और राष्ट्र की उन्नति का मार्ग है।

विद्यालय निदेशक रजनीश शर्मा ने अपने संदेश में कहा–शिक्षक ही बच्चों के सपनों को आकार देते हैं। उनका धैर्य, परिश्रम और समर्पण ही भविष्य के भारत की नींव है। यदि विद्यार्थी राष्ट्र का कर्णधार हैं तो उनके निमार्ता हमारे शिक्षक हैं। शिक्षाविद् राम प्रवेश पांडेय ने अपने विचार रखते हुए कहा- डॉ. राधाकृष्णन का जीवन ज्ञान और संस्कार का अद्वितीय संगम था। हमें उनकी शिक्षाओं से प्रेरणा लेकर शिक्षा को केवल रोजगार नहीं बल्कि जीवन मूल्यों से जोड़ना होगा।इस अवसर पर श्री ए.के. पांडेय और श्री शिव कुमार ने भी सभा को संबोधित करते हुए शिक्षक-छात्र संबंध और शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्रबंधन द्वारा सभी शिक्षकों को सम्मानित किया गया। सम्मानित शिक्षकों में राकेश रोशन, अलख सिंह, राजन मेहता, संजीत शर्मा, प्रिंस कुमार, अमिता राय, प्रीति चौधरी, आर्ची, रिया सिंह, प्रीति प्रियदर्शिनी, नेहा कुमारी और अंजली सिंह शामिल रहे।कार्यक्रम का संचालन अपने आकर्षक और प्रभावशाली अंदाज में कुमुदिनी लकड़ा ने किया। इस गरिमामयी अवसर पर विद्यालय परिसर उत्साह और सम्मान की भावना से सराबोर था। सभी शिक्षकों ने एक स्वर में यह संकल्प लिया कि वे अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए विद्यार्थियों को सदैव राष्ट्र निर्माण की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेंगे।



# राज्य के आदिवासी गांवों में बनेंगे होम स्टे

## ग्रामीण जीवन, समाज और संस्कृति को जान सकेंगे पर्यटक

संवाददाता

**रांचीः** केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय के स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के तहत झारखंड के रूरल टूरिज्म को बढ़ावा दिया जाएगा। राज्य के पांच आदिवासी बहुल जिलों के सुदूरवर्ती पहाड़ी गांवों में होम स्टे बनाए जाएंगे। इससे जहां इन आदिवासी गांवों का विकास होगा, वहीं देशी-विदेशी पर्यटक गांव की ताजी हवा का आनंद ले सकेंगे। उन्हें यहां धुसका, घुघनी, मडुआ




लड्डू जैसे देशी खान-पान मिलेंगे। आदिवासी समाज और उनकी संस्कृति को भी नजदीक से जान सकेंगे। इसके लिए पश्चिमी व पूर्वी सिंहभूम, लातेहार, खूंटी और रांची जिले में ऐसे पहाड़ी गांवों की तलाश चल रही है।

प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान के तहत इन जगहों पर होम स्टे बनाए जाएंगे। सारंडा और दलमा इलाकों में भी होम स्टे बनाने की तैयारी है। होम स्टे के तहत दो कमरों के परंपरागत मकान बनाए जाएंगे। इसे बनाने के लिए आदिवासी परिवार को सरकार की ओर से पांच लाख रुपए की सहायता दी जाएगी। इसके अलावा पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित इलाके में परंपरागत पुराना कच्चा मकान है तो उसके नवीनीकरण के लिए भी 3 लाख रुपए तक की मदद मिलेगी।

इस योजना की शुरूआत पश्चिमी सिंहभूम जिले के डीसी चंदन कुमार ने कर दी है। जिले के सभी बीडीओ को निर्देश है कि इस योजना में कोई इच्छुक आदिवासी परिवार है तो चिन्हित करें। इसकी जानकारी भेजें, ताकि इसे पर्यटन निदेशालय को भेजा जा सके। इससे रोजगार सृजन होगा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। पश्चिमी सिंहभूम के जिला नोडल पर्यटन अधिकारी मार्कोस हेंम्ब्रम ने कहा कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य ग्राम्य संस्कृति व परंपराओं को जीवित रखते हुए आर्थिक विकास करना है। साथ ही हस्तकला और आदिवासी खान-पान को भी जीवंत रखना है।

**देशभर में एक हजार होम स्टे बनाए जाएंगे**

यह योजना केंद्र सरकार के पर्यटन मंत्रालय की पहल है। ग्रामीण व पहाड़ी इलाके में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकारों और केंद्र सरकार की संयुक्त भागीदारी होगी। स्वदेश दर्शन योजना के तहत देश भर में कुल 1000 होम स्टे बनेंगे। पूर्वोत्तर भारत के अलावा ओडिशा में यह योजना शुरू हो चुकी है। वहां परंपरागत तौर तरीकों के साथ पुराने गांवों को जीवंत गांव के रूप में विकसित किया जा रहा है।

## बांसारूली पंचायत में शिक्षक दिवस पर राधाकृष्णन के चित्र पर किया गया माल्यार्पण

संवाददाता

मुरीः शिक्षक दिवस पर बांसारूली पंचायत में सर्व पल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर श्री हरि महतो ने माल्यार्पण किया गया। बारी- बारी से अन्य लोगों ने भी चित्र पर माल्यार्पण किया। सभी ने इस मौके पर सहमति जताई कि पंचायत में शिक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा और शिक्षा के गुणवत्ता को सुधारा जायेगा। जिसकी अध्यक्षता पंचायत के मुखिया लालू राम उरांव ने की। संचालन दिनेश साहू ने किया। आयोजन नागरिक अधिकार सुरक्षा मंच द्वारा किया गया। मौके पर बांसारूली के ज्योति प्रसाद साहू, दुःखी राम महतो,शंकर



महतो,मुल्य रतन बेदिया, सुरेन्द्र मांझी, श्री पद महली,राजीव कर्मकार,पदमलोचन महतो, बुधराम गोराई,जगदीश गोराई,बिकास मुंडा, विशाल कुमार मुंडा,भी भोजोहरि महतो, शुक्राचार्य महतो, महेश्वर महतो, दिलीप कुमार महतो, महेश्वर मंडल समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

40वां राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा 25 अगस्त से 8 सितम्बर

## आई डोनेशन अवेयरनेस क्लब व कश्यप मेमोरियल आई बैंक का ब्लाइंड फोल्डेड रन फॉर विजन कल

- सेंट जेवियर्स कॉलेज परिसर में होगा आयोजन
- मृत्युपरांत नेत्रदान करने वाले परिवारों एवं नेत्रदान से जुड़ी
- संस्थाओं को किया जायेगा सम्मानित
- कश्यप मेमोरियल आई बैंक झारखंड का सबसे ज्यादा नेत्र प्रत्यारोपण करने वाला आई बैंक है

संवाददाता

रांचीः रन फॉर विजन कई मामलों में अपने आप में यूनिक है अनूठा है। नेत्रदान जागरूकता से जुड़ी यह देश की एक मात्र संस्था है जो लगातार 23 वर्षों से रन फॉर विजन का आयोजन कर रही है और लगातार 7 वर्षों से ब्लाइंड फोल्डेड रन फॉर विजन का आयोजन कर रहा है।




झारखंड के स्थानीय आदिवासी सबसे बड़े नेता शिबू सोरेन से लेकर अर्जुन मुंडा, बाबूलाल मरांडी, द्रौपदी मुर्मू तक सभी ने रन फॉर विजन में भाग लिया है और शपथ पत्र भर के झारखंड के स्थानीय लोगों से नेत्रदान की अपील की है।

झारखंड- बिहार में नेत्र प्रत्यारोपण की शुरूआत करने वाले नेत्र विशेषज्ञों द्वारा स्थापित संस्था द्वारा इसका आयोजन किया जाता है। कश्यप मेमोरियल आई बैंक झारखंड का सबसे ज्यादा नेत्र प्रत्यारोपण करने वाला आई बैंक है

**कश्यप मेमोरियल आई बैंक की उपलब्धियां: –**

अब तक करीब 1015 कॉर्निया ट्रांसप्लांट

**पिछले 5 सालों में 490 नेत्र प्रत्यारोपण**

सबसे बड़ी बात सरकार को इंफ्रा स्ट्रक्चर और मैन पावर पर कुछ भी खर्च नही करना पड़ता है । हमारे देश में 1 करोड़ लोग साल में मरते हैं लेकिन सिर्फ 50000 कॉर्निया ही मृत्यु उपरांत किए हुए नेत्रदान से प्राप्त होते हैं जबकि हमारे देश में प्रति वर्ष जरूरत है 2.5 लाख कॉर्निया की और प्रत्यारोपण होता है सिर्फ 30000।

## आरपीएफ ने जेबकतरे को रंगेहाथ किया गिरफ्तार



संवाददाता

रांचीः रांची रेलवे स्टेशन पर शनिवार को रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) की टीम ने एक जेबकतरे को रंगेहाथ पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपी का नाम फैसल अंसारी है, जो लोअर बाजार थाना क्षेत्र के कर्बला चौक का रहने वाला है। अरक अनिल कुमार ने बताया कि कमांडेंट पवन कुमार के निर्देश पर स्टेशन परिसर में लगातार निगरानी रखी जा रही है। इसी दौरान प्लेटफॉर्म संख्या एक पर फैसल अंसारी को जेब काटते हुए पकड़ लिया गया।

दरअसल, लातेहार निवासी यात्री सुरेश महतो ने शिकायत की थी कि ट्रेन में चढ़ते समय उनकी जेब से पैसे चोरी हो गए। शिकायत के बाद आरपीएफ की टीम ने तुरंत कार्रवाई की और आरोपी को पकड़ लिया। इसके बाद आरोपी फैसल अंसारी को जीआरपी रांची के हवाले कर दिया गया। वहीं, जीआरपी थाना में उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। इस पूरी कार्रवाई में अरक अनिल कुमार के साथ कांस्टेबल प्रदीप, कांस्टेबल पी. कुल्लू, हेड कांस्टेबल संजय कुशवाहा और कांस्टेबल सीके सिंह समेत अन्य जवान शामिल थे।

नशे में धुत यात्री ने कॉकपिट में जाने का किया प्रयास

## रांची-कोलकत्ता फ्लाइट में कहा आज प्लेन तेरा भाई चलायेगा

संवाददाता

**रांचीः** बिरसा मुंडा एयरपोट पर इंडिगो के विमान में एक यात्री ने नशे में धुत होकर खबू तमाशा किया। यात्री जबरन विमान के कॉकपिट में घुसने की कोशिश करने लगा, तो उसे क्रू मेंबर ने विमान से नीचे उतार दिया। ये विमान रांची से कोलकाता जा रही थी। इंडिगो की विमान दोपहर 12:25 बजे रांची से कोलकाता के लिए उड़ान भरने वाली थी। संबंधित यात्री नशे में धुत था। वह कोलकाता जाने के लिए इंडिगो के विमान में सवार हुआ था।

जानकारी के अनुसार, यात्री प्रणय टोप्पो एयरपोर्ट के अंदर चेक-इन व बोर्डिंग कर जब विमान में चढ़ा तो अपनी सीट की बजाय बाईं ओर घूमकर पायलट के केबिन में चला गया और पायलट से कहा- विमान दो उड़ाएंगे। जब पायलट ने उन्हें देखा तो पैसेंजर सीट की ओर जाने को कहा। इसके बाद नशे में



धुत यात्री पायलट केबिन से निकलकर जाने लगा तो पायलट को उसकी हालत देख संदेह हुआ। फिर पायलट ने क्रू-मेंबर को बुलाकर उस यात्री से संबंधित जानकारी मांगी।पता चला कि वह यात्री नशे की हालत में है। फिर पायलट ने क्रू-मेंबर को निर्देश दिया कि उसे विमान से उतार दें। नशे में धुत यात्री की इस हरकत से थोड़ी देर के लिए विमान के अंदर बैठे यात्रियों के बीच अफरातफरी का माहौल बन गया।हालांकि इंडिगो एयरलाइंस के प्रबंधन ने नशे में धुत यात्री की ओर से किए गए हंगामे की घटना से इन्कार किया है। इंडिगो एयरलाइंस प्रबंधन की ओर से बताया गया कि संबंधित यात्री गलती से सीट की बजाय काकपिट की दिशा में चला गया था। साथ ही यह भी बताया गया कि वह नशे में था। क्रू-मेंबर की सतर्कता से स्थिति को संभाल लिया गया। इस घटना के बाद यात्री को विमान से उतार दिया गया। आवश्यक औपचारिकताओं के बाद लगभग 12:54 बजे विमान ने बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से उड़ान भरी। एयरपोर्ट निदेशक आरआर मौर्या ने कहा कि मुझे इस घटना की जानकारी नहीं है। तकनीकी कारणों से शुक्रवार को दिल्ली-रांची विमान (आइएक्स 1204) व रांची-दिल्ली विमान (आइएक्स 1114) रद रहा।

वहीं दूसरी ओर, बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से रांची-दिल्ली विमान (आइएक्स 1200) ने पांच घंटे 35 मिनट, रांची-हैदराबाद विमान (6ई 191) ने 58 मिनट, रांची-कोलकाता विमान (6ई 6893) ने 29 मिनट, रांची-दिल्ली विमान (आइएक्स 1105) ने 25 मिनट, रांची-पटना विमान (6ई 925) ने 23 मिनट व रांची-बेंगलुरु विमान (आइएक्स 1530) ने 19 मिनट

## घुसपैठियों के मुद्दे पर भाजपा का हाय-तौबा जनता का ध्यान भटकाने की कोशिश : सुबोधकांत सहाय

मेट्रो रेज

**रांचीः** पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा है कि बिहार विधानसभा चुनाव से पूर्व अवैध घुसपैठियों के मुद्दे पर भाजपा हाय-तौबा मचा रही है। भाजपा का यह कृत्य चुनावी माहौल में जनता का ध्यान भटकाने की कोशिश है।

इस संबंध में श्री सहाय ने एक प्रेस बयान जारी कर कहा कि यदि सही मायने में इस मुद्दे पर भाजपा इतनी चिंतित है, तो उसे यह भी बताना चाहिए कि विगत 11 साल के शासनकाल में भाजपानीत केंद्र सरकार इस मसले पर क्या कर रही थी? क्यों नहीं इस दौरान



घुसपैठियों को रोकने की कोशिश की गई? उन्होंने कहा कि विशेष रूप से बिहार में पिछले आठ सालों से डबल इंजन वाली एनडीए की सरकार है। इस बीच बिहार में घुसपैठ के मुद्दे पर केंद्र द्वारा क्यों नहीं कोई नीतिगत प्रस्ताव लाया गया? अब बिहार में चुनाव होने वाला है, तो यहां चुनाव पूर्व इस मुद्दे को उछालकर अन्य मुद्दों को गौण किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि देश की सीमा की सुरक्षा, उसकी निगरानी और अवैध घुसपैठ रोकने का जिम्मा केंद्र सरकार का है। सरकार के अधिकतर शासन काल में यह मुद्दा दबा रहा, इस पर कोई कभी चर्चा नहीं हुई। अब चुनाव निकट आते ही भाजपा के भाषणों में यह मुद्दा प्रमुखता से उछाला जा रहा है। जबकि बिहार में और भी कई ज्वलंत मुद्दे हैं। बिहार में गरीबी, पलायन, बदहाल बुनियादी आधारभूत संरचनाएं, बेरोजगारी, किसानों का संकट, जन स्वास्थ्य और शिक्षा व्यवस्था जैसे कई मुद्दे हैं, लेकिन इन मुद्दों को दरकिनार कर भाजपा अकस्मात अवैध घुसपैठियों के मुद्दे को प्राथमिकता देने में जुटी है। श्री सहाय ने कहा कि चुनाव के पूर्व जनता का ध्यान भटकाने के लिए भाजपा एक सोची-समझी साजिश के तहत घुसपैठ के मुद्दे को तूल देने में लगी है। चुनाव पूर्व मतदाताओं का ध्यान भटकाने के लिए भाजपा हर हथकंडा अख्तियार कर रही है। घुसपैठ के खतरे को देश के लिए खतरनाक दिखाकर जनता को भरमाने की साजिश की जा रही है। भाजपा भड़काऊ भाषणों के सहारे जनता को भड़का रही है।

## जेके इंटरनेशनल स्कूल में धूमधाम से मना शिक्षक दिवस

मेट्रो रेज

**रांचीः** जेके इंटरनेशनल स्कूल में शिक्षक दिवस काफी धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर छोटे-छोटे बच्चों ने अद्भुत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। मौके पर शिक्षक और छात्र के संबंध में बतलाया गया। शिक्षक और छात्र का संबंध समाज और राष्ट्र के भविष्य की बुनियाद तैयार करने वाला होता है। शिक्षा को सम्मान और शिक्षकों द्वारा छात्रों को स्नेह, इस संबंध की सबसे बड़ी कुंजी है। शिक्षक अपनी भूमिका का निर्वहन जितनी तन्मयता से



करेंगे, देश को उतने ही अनुशासित और अच्छे नागरिक मिलेंगे। इस अवसर पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के अलावा विद्यालय के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार, प्राचार्य खुशबू झा, उप प्राचार्य चंद्रशिखा सिंह, येसु प्रधान, कृष प्रधान व धनंजय कुमार भी मौजूद रहे।

## जयराम महतो की तबीयत बिगड़ी

गिरीडीह : डुमरी विधायक जयराम महतो की अचानक तबीयत खराब हो गई है। लगातार



कार्यक्रमों और व्यस्तता के कारण उनकी सेहत बिगड़ गई, जिसके बाद डॉक्टरों ने उन्हें पांच दिनों के पूर्ण आराम की सलाह दी है।

जयराम महतो ने खुद सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी। उन्होंने लिखा, कल शाम अचानक तबीयत खराब होने के कारण मैं अस्वस्थ हूं। डॉक्टर ने 5 दिन आराम की सलाह दी है। आपके प्यार और आशीर्वाद से फिलहाल ठीक हूं, लेकिन अगले चार-पांच दिन किसी भी कार्यक्रम में हिस्सा नहीं लूंगा। सभी कार्यक्रम रद्द रहेंगे। किसी भी समस्या के लिए पार्टी के जिलाध्यक्ष या प्रत्याशी से संपर्क करें। असुविधा के लिए खेद है। संघर्ष जारी है।

## एचएम पब्लिक स्कूल व एचएम प्ले स्कूल द्वारिकापूरी में शिक्षक दिवस समारोह

मेट्रो रेज

**रांचीः** एचएम पब्लिक स्कूल, चुटिया और एचएम प्ले स्कूल, द्वारिकापूरी में बड़े ही धूमधाम से शिक्षक दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत भारत के द्वितीय राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के साथ हरिहर महतो और आनन्द कुमार के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया। छोटे -छोटे बच्चों द्वारा गुलाब फूल के साथ ग्रीटिंग कार्ड प्राचार्य, स्कूल निदेशक शिक्षक गण और शिकक्षेतर कर्मचारियों को दिया गया। सम्पूर्ण कार्यक्रम विद्यालय के छात्रों द्वारा आयोजित एवं संचालित किया गया। स्वागत भाषण वर्ग दसवीं की वैष्णवी कुमारी द्वारा दिया गया। मंच संचालन दीप सेन और स्वीटी कुमारी ने किया। स्वागत गान और स्वागत नृत्य के साथ संस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत की गई। वर्ग तीन और चार के बच्चों द्वारा पैरोडी नृत्य किया गया । शिक्षकों के जीवनी के ऊपर बहुत ही मार्मिक नाटक दिखलाया गया कि उनका




जीवन कैसे गुजरता है और सेवानिवृत के बाद का जीवन कैसा रहता है ।

विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरविन्द कुमार ने अपने उद्बोधन में बच्चों को गुरु की महत्ता बोलते हुए कहा कि भले ही शिक्षक के उपर कई तरह की विपत्तियां रहती है फिर भी बच्चों की सही शिक्षा देते हैं और उन्होंने कहा कि शिक्षक सिर्फ विद्यालय के गुरु नहीं होते बल्कि समाज के लोग भी होते है। रंजीत कुमार, सरिता एक्का, अंजली सेन, अनामिका सिंह, पुनीत टोप्पो, नीलम डहंगा, संगीता रानी, कल्पना दास, सुप्रभा टोप्पो, मनीषा आदि शिक्षकों के द्वारा मार्गदर्शन भी किया गया।

कार्यक्रम की समाप्ति के उपरांत सभी शिक्षकों और गैर शिक्षण कार्य से जुड़े सभी लोगों की प्रतिक स्वरूप गिफ्ट दिया गया। कार्यक्रम में कुमार कमलेश, संयुक्ता, पुनम, रंजीत, मोहन शिवानी, अंजली, अनामिका अकांक्षा गुड्डु, नीलेश आदि का भरपुर सहयोग रहा।

हटिया स्टेशन दुर्गा पूजा समिति का भूमि पूजन संपन्न

## नंदन यादव पुनः बने अध्यक्ष व इंदरजीत सिंह सचिव

नाव के थीम पर बन रहा हैपूजा पंडाल, यह पूजा का 61वां साल है

मेट्रो रेज

रांचीः हटिया स्टेशन दुर्गा पूजा समिति द्वारा इस वर्ष होने वाले दुर्गा पूजा 2025 की तैयारियां विधिवत शुरू हो चुकी हैं। पूजा पंडाल निर्माण हेतु भूमि पूजन का आयोजन किया गया, जिसमें समिति के पदाधिकारी, सदस्य एवं स्थानीय श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। पूजा-अर्चना और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भूमि पूजन सम्पन्न हुआ तथा इस अवसर पर सभी ने माँ दुर्गा से आशीर्वाद प्राप्त किया। समिति के सदस्यों ने सामूहिक रूप से पूजा के सफल आयोजन का संकल्प लिया। इस बार पंडाल का प्रारूप आकर्षण का केंद्र रहेगा। नाव थीम पे बन रहा पूजा पंडाल। समिति के सचिव इंदरजीत सिंह ने बताया कि भव्य पंडाल, अलौकिक सजावट और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हटिया स्टेशन दुर्गा पूजा 2025 को यादगार बनाने की तैयारी की जा रही है।

भूमि पूजन की तस्वीरों ने श्रद्धालुओं में उत्साह भर दिया है और पंडाल का मॉडल देखने के बाद स्थानीय लोग भव्य आयोजन की प्रतीक्षा कर रहे हैं।



**समिति इस प्रकार है:–**

संस्थापक - स्व. रण विजय कुमार सिंह

मुख्य संयोजक - सीके.सिंह, आरएन.यादव, आरएन. मेहता

मुख्य संरक्षक- बिनु सिंह, मंजुल केरकेट्टा, मनोज पांडेय, अजयनाथ शाहदेव, सतीश सिंह, प्रकाश सिंह, अर्चित आनंद, अंजनी सिंह, संजय सिंह, संजू चौबे, शिव शंकर चैटर्जी,

संरक्षक - नित्यालाल कुमार, अरुण सिंह,प्रदीप गुप्ता, सोनू सिंह, जितेंदर सिंह, सौरव सिंह (बंटू), मनोज राय

अध्यक्ष - नंदन यादव

सचिव - इंदरजीत सिंह

सह सचिव - मुकुल प्रसाद,चंदन यादव रवि राय, सौरव पांडेय ( गोलू)

कार्यकारी अध्यक्ष- अरुण बाउरी, रजनीश सिंह

कोषाध्यक्ष - सोमनाथ बाउरी

सहकोषाध्यक्ष - चंदन कुमार, अभिषेक कुमार (सुमित)
हर्ष सिंह, अभिजीत बाउरी

वरीय उपाध्यक्ष- संतोष यादव, विश्वजीत सिंह,बिट्टू यादव, डॉ रजनी शर्मा, आरुषि वंदना, पी.कृतिका राव, मीरा गुप्ता,राजू ठाकुर, डब्लू सिंह
रितेश कुमार, दीपक राम, भोला यादव, मन्नू चौधरी, , अरविंद यादव, दशरथ यादव, प्रभात मिश्रा, विशाल सरकार, प्रभात कुमार पाठक, मनीष वर्मा, संजय चौधरी,ज्योतिष सिंह किट्टू, दीपक यादव, राजकुमार यादव, बीरेंद्र शर्मा, प्रभात कु मिश्रा

उपाध्यक्ष - बैधनाथ मंडल, जीतू सिंह,प्रथम चौबे, बिसु सिंह, बबलू कुमार,आकाश रजवार, आयुष सिंह,अमन यादव, अमित पांडेय, पंकज हेला, अंकित सिंह, शिव कुमार, भावेश मिश्रा, विनीत कुमार, शिवा राव, प्रखर शर्मा, विवेक कुमार, नवदीप कुमार,
जितेंन, नंद किशोर नंदू, आनंद शंकर,श्याम कुमार, मुकेश सिंह टुल्लू , राज कुमार, राहुल महतो

पंडाल सेक्शन- अरुण सिंह, अविनाश कुमार, गौतम बाउरी, गौतम हिनू, सुजय गहलोत, रवि यादव, सूलेंडर शर्मा, सौम्या गायन, राहुल गौंड, रवि शर्मा, ,अभिषेक चत्तराज, अचिंता मदार्ना, अभिषेक सिंह
भोग विभाग - पवन चौधरी, अभिषेक( बिल्लू), स्वराज बोस,सुनील सिंह, चंचल पासवान, आर.ए कुशवाहा, सुनील साईं, अमित ठाकुर

महामंत्री - अनिकेत सिंह, अमन सिंह, शुभम कुशवाहा, अभिषेक सिंह, मनीष पंडित, सोनू कुजूर, सोनू कुमार, अभिजीत महतो, विक्की चौधरी, अरविंद महतो, साई, शिवांश मिश्रा, अभय, गौतम, किशु यादव, रोहित महतो,अजय यादव।

## सुविचार

**सबसे मुश्किल रास्ता वह होता है जब आपको अकेले चलना पड़ता है, लेकिन वही रास्ता आपको मजबूत भी बनाता है।**

## भारत का तकनीकी 'स्व' : विक्रम-3201, खास है चिप

21वीं सदी का वैश्विक परिदृश्य हमें स्पष्ट रूप से यह संदेश दे रहा है कि वर्तमान दुनिया में असली शक्ति तकनीकी श्रेष्ठता में है। सूचना प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, साइबर सुरक्षा, सेमीकंडक्टर और अंतरिक्ष अनुसंधान ऐसे क्षेत्र हैं जो किसी भी देश की वैश्विक स्थिति और उसकी रणनीतिक स्वतंत्रता का निर्धारण करते हैं। भारत ने हाल ही में विक्रम-3201 चिप के विकास के साथ इस दिशा में ऐतिहासिक कदम उठा लिया है। यह चिप सिर्फ तकनीकी उपलब्धि नहीं, इससे भी आगे की राह में ये आत्मनिर्भर भारत के ह्यस?वह्ण का जीवंत प्रमाण है। विक्रम-3201, जिसे इसरो की सेमीकंडक्टर लैब ने तैयार किया है, भारत की पहली पूर्ण स्वदेशी 32-बिट प्रोसेसर चिप है। यह किसी साधारण इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस के लिए नहीं है, यह भारत के प्रक्षेपण यान यानी लॉन्च व्हीकल्स के लिए डिजाइन की गई है। अंतरिक्ष में जाने वाले यान को ऐसे उपकरणों की आवश्यकता होती है जो 55 डिग्री सेल्सियस से लेकर 125 डिग्री सेल्सियस तक के चरम तापमान में बिना विफल हुए काम कर सकें। विक्रम-3201 ने इस चुनौती को पूरा करके यह संदेश दे दिया है कि भारत अब उस तकनीकी स्तर पर पहुँच चुका है, जहाँ वह स्वयं अपने लिए समाधान खोजने में सक्षम बन रहा है। इस उपलब्धि का महत्व और भी अधिक इसलिए है क्योंकि यह हमें विदेशी तकनीक पर निर्भरता से मुक्त करेगा। अब तक भारत अपने रॉकेट लॉन्च और अंतरिक्ष मिशनों में पश्चिमी देशों या अन्य तकनीकी महाशक्तियों पर निर्भर था। कई बार राजनीतिक कारणों से इन देशों ने भारत पर तकनीकी प्रतिबंध भी लगाए। उदाहरण के लिए, 1990 के दशक में जब भारत ने रूस से क्रायोजेनिक इंजन तकनीक लेने की कोशिश की तो अमेरिका ने दबाव बनाकर इसे रोक दिया। इसी तरह, स्पेस ग्रेड चिप्स और सेमीकंडक्टर तकनीक तक भारत की पहुँच सीमित रही। आज विक्रम-3201 इन सभी अवरोधों का उत्तर है। इससे जुड़ा यह भी एक तथ?य है कि सेमीकंडक्टर उद्योग वैश्विक स्तर पर 600 अरब डॉलर का है, जिसके कि 2030 तक यह 1 ट्रिलियन डॉलर तक पहुँच जाने का अनुमान है। भारत में 2024-25 तक यह बाजार 45 से 50 अरब डॉलर का आँका गया था, जिसके कि 2030 तक 100 से 110 अरब डॉलर तक पहुँचने की संभावना है। ऐसे में भारत का इस क्षेत्र में आत्मनिर्भर होना निश?चित ही बहुत बड़ी उपलब्धि? है। यहाँ यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि आखिर भारत इतने वर्षों तक सेमीकंडक्टर उद्योग में पिछड़ा क्यों रहा। 1989 में मोहाली स्थित सेमीकंडक्टर लैब में लगी रहस्यमयी आग ने इस दिशा में भारत के शुरूआती प्रयासों को लगभग धराशायी कर दिया था। इसके अलावा, 1960 के दशक में अमेरिकी कंपनी फेयरचाइल्ड भारत में निवेश करना चाहती थी, किंतु सरकारी नीतिगत अस्पष्टता की वजह से वह अवसर हाथ से निकल गया और कंपनी मलेशिया चली गई। इसके बाद 2021 में इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन (आईएसएस) की शुरूआत हुई। 2023 में गुजरात के साणंद में भारत के पहले सेमीकंडक्टर प्लांट को मंजूरी मिली। आज भारत के छह राज्यों गुजरात, असम, उत्तर प्रदेश, पंजाब, ओडिशा और आंध्र प्रदेश में 10 सेमीकंडक्टर प्रोजेक्ट्स पर काम चल रहा है जिन पर 1.6 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश हो रहा है। यह निवेश और नीतिगत प्रोत्साहन भारत को वैश्विक सेमीकंडक्टर मानचित्र पर जगह दिलाने की दिशा में निर्णायक है। दुनिया के परिप्रेक्ष्य में देखें तो ताइवान की टीएसएमसी (ताइवान सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग कंपनी) इस क्षेत्र में सबसे बड़ी कंपनी है। दक्षिण कोरिया की सैमसंग मेमोरी चिप्स में अग्रणी है। अमेरिका की इंटेल और एनवीडिया डिजाइन और एआई चिप्स में वैश्विक दिग्गज मानी जाती हैं। जापान और चीन भी इस उद्योग में मजबूत खिलाड़ी हैं। इन सबके बीच भारत का प्रवेश देर से हुआ है, लेकिन यह कहना गलत नहीं होगा कि भारत जिस तेजी से इस क्षेत्र में कदम बढ़ा रहा है, वह आने वाले वर्षों में वैश्विक समीकरण बदल सकता है। भारत की शक?ति उसकी विशाल युवा जनसंख?या, मजबूत आईटी सेक्टर, और रिसर्च व इनोवेशन की क्षमता है। जब यह क्षमता मजबूत नीति समर्थन और आत्मनिर्भरता की दृष्टि से जुड़ती है तो नतीजे अभूतपूर्व होते हैं। विक्रम-3201 इसका ताजा उदाहरण है। प्रधानमंत्री मोदी ने इस चिप को ₹डिजिटल डायमंड₹ कहा है। यह उपमा इस तथ्य की स्वीकृति है कि आने वाले समय में चिप्स ही दुनिया की अर्थव्यवस्था और सुरक्षा का सबसे कीमती संसाधन होंगे। अतः इस परिप्रेक्ष्य में देखें तो भारत की यह उपलब्धि केवल अंतरिक्ष क्षेत्र तक सीमित नहीं है। सेमीकंडक्टर चिप्स का इस्तेमाल स्मार्टफोन, कंप्यूटर, ऑटोमोबाइल, हेल्थकेयर उपकरण, रक्षा प्रणाली और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तक हर क्षेत्र में होता है। दुनिया जिस गति से डिजिटलाइजेशन और ऑटोमेशन की ओर बढ़ रही है, वहाँ चिप्स की भूमिका किसी ऑक्सीजन से कम नहीं है। जो देश इस क्षेत्र में आत्मनिर्भर होगा, वही असली मायनों में महाशक्ति कहलाएगा। उभारत के लिए यह उपलब्धि आज इसलिए भी खास है क्योंकि यह उस ऐतिहासिक कमी को पूरा करती है जिसने हमें कई बार वैश्विक राजनीति में कमजोर बनाया। तकनीकी प्रतिबंधों और सप्लाई चेन में व्यवधान के चलते भारत कई बार रणनीतिक चुनौतियों से गुजरा है, किंतु अब विक्रम-3201 जैसे कदमों से हम यह संदेश दे रहे हैं कि भारत किसी भी तरह के ₹टेक्नोलॉजिकल ब्लैकमेल₹ का शिकार नहीं होगा। इस नजरिए से यदि आगे की राह को देखें तो भारत की दृष्टि केवल ₹मेड इन इंडिया₹ तक सीमित नहीं होनी चाहिए। हमें ₹डिजाइन इन इंडिया₹ और ₹इनोवेट इन इंडिया₹ की दिशा में भी कदम बढ़ाने होंगे। दुनिया केवल उत्पादन के स?तर पर ही नहीं बल्कि इनोवेशन और पेटेंट के आधार पर ही नेतृत्व तय करती है। यदि भारत विक्रम-3201 जैसी उपलब्धियों को आधार बनाकर लगातार नवाचार करता रहा तो इसमें कोई संदेह नहीं कि हम 2032 तक दुनिया के टॉप-5 सेमीकंडक्टर देशों में शामिल हो जाएंगे। आज की दुनिया में डिजिटल तकनीक, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और साइबर सुरक्षा किसी भी देश की ₹सॉफ्ट पावर₹ और ₹हार्ड पावर₹ दोनों का निर्धारण करती हैं। भारत का सपना 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का है। उस सपने को साकार करने के लिए विक्रम-3201 जैसे कदम महत्वपूर्ण पड़ाव साबित होंगे। अंततः, यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि विक्रम-3201 चिप के लॉन्च के साथ भारत ने न केवल तकनीकी स्वराज की नींव रखी है बल्कि वैश्विक महाशक्ति बनने की ओर निर्णायक कदम भी बढ़ा दिया है। जिस तरह ताइवान को ₹चिप फैक्ट्री₹ कहा जाता है, उसी तरह आने वाले समय में भारत को ₹चिप पावरहाउस₹ के रूप में देखे जाने की उम्मीद है। यह यात्रा लंबी है, चुनौतियाँ कठिन हैं, लेकिन आज की यह शुरूआत आने वाले कल की सबसे बड़ी ताकत बनने की दिशा में है।

# कांग्रेस के लिए अभी भी दिल्ली' बहुत दूर है

> देश में राजग, भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पराजित करने का सपना देखने वाले कांग्रेस नेता राहुल गांधी दिल्ली समेत उन राज्यों में भी पार्टी को नहीं खड़ी कर पा रहे, जहां अतीत में कांग्रेस सालों तक शासन में रही है। वास्तविकता तो यह है कि कुछ अपवादों को छोड़कर जिन-जिन राज्यों में कांग्रेस एकबार पराजित हुई, वहां उसकी वापसी ही नहीं हो पाई।

**मनोज कुमार मिश्र**

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की तरफ से मुख्यमंत्री पद के दावेदार तेजस्वी यादव के साथ पूरे बिहार का दौरा करने के बाद कांग्रेस के सबसे बड़े नेता माने जाने वाले राहुल गांधी अपने लोगों में यह जताने का प्रयास कर रहे हैं कि उन्होंने बिहार जीत लिया। बिहार विधानसभा का चुनाव आने वाले दिनों में होने वाला है। जिसमें इस बार भी मुख्य रूप से राजद-कांग्रेस की अगुवाई वाले महागठबंधन बनाम भाजपा-जनता दल (एकी) की अगुवाई वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के बीच चुनावी मुकाबला होना लगभग तय है। जिस कांग्रेस ने आजादी के बाद से बिहार में करीब चालीस साल शासन किया है, उसके नेता बड़े गर्व के साथ एक तरह से राजद का पिछलग्गू बनना स्वीकार लिया। देश में राजग, भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पराजित करने का सपना देखने वाले कांग्रेस नेता राहुल गांधी दिल्ली समेत उन राज्यों में भी पार्टी को नहीं खड़ी कर पा रहे, जहां अतीत में कांग्रेस सालों तक शासन में रही है। वास्तविकता तो यह है कि कुछ अपवादों को छोड़कर जिन-जिन राज्यों में कांग्रेस एकबार पराजित हुई, वहां उसकी वापसी ही नहीं हो पाई। साल 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की अगुवाई में विपक्ष ने भाजपा पर संविधान बदलने के बेबुनियाद आरोप लगा कर मुद्दा बनाने की कोशिश की। उससे कुछ भ्रम की स्थिति बनी लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में लगातार तीसरी बार राजग केन्द्र में सरकार बनाने में कामयाब हुआ और राजग का दायरा बढ़ता गया। लोकसभा चुनाव में दिल्ली की सात सीटों की स्थिति देखें तो आम आदमी पार्टी (आआपा) के साथ सीटों के तालमेल के साथ यहां उतरी कांग्रेस ने 3 और आआपा ने 4 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे। चुनाव में सभी 7 सीटें भाजपा लगातार तीसरी बार जीती। कांग्रेस को 18.50 फीसद वोट मिले। आआपा को लगा कि उसके साथ तालमेल से कांग्रेस मजबूत हो जाएगी और देर-सबेरे आआपा को ही नुकसान पहुंचाएगी। इसलिए उसने दिल्ली विधानसभा चुनाव अकेले लड़ना तय किया। नतीजा यह हुआ कि भाजपा को जीत मिली और 27 साल बाद दिल्ली की सत्ता में उसकी वापसी हुई। दस साल से दिल्ली में सरकार चला रही आआपा को उससे केवल दो फीसदी वोट कम मिले लेकिन सीटों का फासला काफी रहा। 70 सदस्यों वाली दिल्ली विधानसभा में भाजपा 45.86 वोट के साथ 48 और आआपा 43.57 फीसद वोट के साथ 22 सीटों पर जीत पाई। कांग्रेस को करीब 6 फीसदी वोट मिले। खास बात यह है कि चुनाव नतीजों के बाद भाजपा के साथ-साथ कांग्रेस के नेता भी प्रसन्न थे। उन्हें लगता था कि आआपा की पराजय के साथ कांग्रेस की वापसी होगी लेकिन अभी तक एक भी कार्यक्रम ऐसा न हुआ जिससे लगे कि कांग्रेस दिल्ली में वापसी के लिए कोई प्रयास कर रही है। न ही आआपा में कोई भगदड़ मची। साल 2006 के परिसीमन में पूर्वी दिल्ली सीट दो हिस्सों में (पूर्वी दिल्ली और दिल्ली उत्तर पूर्व) बंटी। उससे पहले पूर्वी दिल्ली सीट से दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के पुत्र संदीप दीक्षित सांसद थे जो परिसीमन के बाद 2009 में उसकी एक सीट से सांसद बने और साल 2014 में पराजित हुए। 2019 में पूर्वी दिल्ली की दूसरी सीट दिल्ली उत्तर पूर्व से उनकी मां और दिल्ली की 15 साल मुख्यमंत्री रही शीला दीक्षित चुनाव लड़ी और पराजित हुई। शीला दीक्षित साल 2019 में आआपा से समझौते का विरोध किया तो उन्हें पार्टी प्रदेश अध्यक्ष के साथ जबरन लोकसभा चुनाव लड़वाया गया। सत्ता सुख भोगने की आदत पड़ जाने के चलते एक ही चुनाव की हार ने कांग्रेस को संकट में ही ला दिया। अपनी चिंता में लगे नेताओं ने पार्टी को हाशिए पर ला दिया।

साल 2013 में दिल्ली विधानसभा चुनाव की हार के बाद से पार्टी लगातार बिखरती ही गई। साल 2015 के चुनाव के समय पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष थे अरविंद सिंह लवली और मुख्यमंत्री का उम्मीदवार बना दिया गया अजय माकन को। इससे नाराज लवली ने चुनाव लड़ने से मना कर दिया। उसके बाद प्रदेश अध्यक्ष बने अजय माकन ने साल 2019 के लोकसभा चुनाव में आआपा से तालमेल की मुहिम चलाई। बताया गया कि कांग्रेस का एक वर्ग सात में से दो सीटों पर भी समझौता करने को तैयार हो गया था। जिस पार्टी ने कांग्रेस को हाशिए पर पहुंचाया उससे समझौता करने का शीला दीक्षित ने कड़ा विरोध किया। समझौता न होने पर भारी मन से अजय माकन नई दिल्ली सीट से चुनाव लड़कर हारे। उन्होंने भी बिना प्रदेश अध्यक्ष तय हुए बीमारी के बहाने पार्टी प्रदेश अध्यक्ष की कुर्सी छोड़ दी। त्रासदी यह है कि वही अजय माकन आज की तारीख में राहुल गांधी के बेहद करीबी हैं। उन्हें लोकसभा चुनाव हारने के बाद पहले हरियाणा से और वहां से पराजित होने के बाद कर्नाटक से राज्यसभा का सदस्य बनाया गया। वे पार्टी के कोषाध्यक्ष हैं और बिहार चुनाव के सुपर प्रभारी। साल 2013 में दिल्ली विधानसभा चुनाव हारने के बाद से कांग्रेस का दिल्ली में प्रयोग ही चल रहा है। साल 2020 के दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को कोई सीट नहीं मिली और कांग्रेस का वोट औसत घटकर 4.26 हो गया। साल 2019 के लोकसभा चुनाव के बाद जुलाई में शीला दीक्षित के निधन के बाद चौधरी अनिल कुमार प्रदेश अध्यक्ष बने। लवली थोड़े ही समय भाजपा में रहकर कांग्रेस में लौट आए और 2019 का लोकसभा चुनाव पूर्वी दिल्ली सीट से मजबूती से लड़े। उन्हें 2023 में अनिल कुमार के इस्तीफा देने पर दोबारा अध्यक्ष बनाया गया था लेकिन 2024 के लोकसभा चुनाव में टिकटों के बंटवारे में अपनी भूमिका न होने से नाराज होकर उन्होंने फिर कांग्रेस छोड़ कर भाजपा का दामन पकड़ लिया। अब विधायक बनने के बाद भाजपा ने उन्हें यमुना पार विकास बोर्ड का अध्यक्ष बना दिया है। उसी दौरान बड़ी तादाद में कांग्रेस के नेता भाजपा में शामिल हुए। अब आर्थिक रूप से संपन्न पूर्व विधायक देवेन्द्र यादव दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष हैं। दिल्ली में कांग्रेस वहीं पहुंच गई जहां भाजपा और कांग्रेस के अलावा मजबूत तीसरे दल वाले राज्य में पहुंच गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में भाजपा ने गुजरात, मध्य प्रदेश में कांग्रेस को सालों से सत्ता से बेदखल कर दिया। तमिलनाडु, केरल, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, उत्तर प्रदेश, झारखंड उत्तराखंड, बिहार और पंजाब इत्यादि में तो उसकी सत्ता में वापसी संभव नहीं लग रही है। हर राज्य में कांग्रेस क्षेत्रीय दलों की कृपा से कुछ सीटें पा जाती है। देश में भाजपा का विकल्प बनने का सपना देख रही कांग्रेस अपने शासित राज्यों कर्नाटक और हिमाचल प्रदेश के अलावा शायद ही किसी राज्य में अपने बूते सरकार बना पाएगी- इसकी भविष्यवाणी करना बहुत कठिन नहीं है। राजस्थान या छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों के भी समीकरण बदल गए हैं। कांग्रेस के इस कदर बुरे दिन आ गए हैं कि वह उन दलों के साथ उनसे कम सीटों पर चुनाव लड़कर अपने को धन्य मान रही है, जिनके वजूद ने उसे हाशिए पर पहुंचा दिया है। सीधे शब्दों में कहें तो कांग्रेस इन्हीं क्षेत्रीय दलों के बूते भाजपा के मुकाबले बड़ी राष्ट्रीय पार्टी बनी हुई है और इसी के भरोसे देश पर राज करने का सपना देख रही है। पहले ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) के खिलाफ कांग्रेस काफी समय से अभियान चला रही है। जबकि ईवीएम से चुनाव कांग्रेस राज में ही शुरू हुआ था। इतना ही नहीं जब कांग्रेस किसी राज्य में जीतती है तब ईवीएम पर कुछ नहीं बोलती। केवल हारने पर ईवीएम मुद्दा होता है। अब चुनाव आयोग पर भाजपा के इशारे पर वोट चोरी के मनगढ़ंत आरोप लगाकर केन्द्र सरकार को कटघरे में खड़ा करने का जबरन प्रयास कर रही है। यह उसी तरह से उठाया जा रहा है जैसे लोकसभा चुनाव के दौरान संविधान के खतरे में होने का झूठा प्रचार किया जा रहा था। बताया जा रहा था इसे ही मुद्दा बनाकर राहुल गांधी, तेजस्वी यादव और विपक्षी नेता बिहार चुनाव को प्रयोगशाला बनाने का प्रयास कर रहे हैं।

# भारत की चिप क्रांति : हकीकत की तरफ बढ़ते सपने

> गुजरात और कर्नाटक में चिप पार्क, विदेशी निवेश और शिक्षा संस्थानों की सक्रिय भागीदारी ने इस अभियान को गति दी है। शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन 2025 में भारत ने सुरक्षा, संपर्क और अवसर के तीन स्तंभों पर बल देकर तकनीक को साझा भविष्य का आधार बताया। यह चिप क्रांति न केवल आर्थिक विकास का मार्ग प्रशस्त कर रही है, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा, नवाचार और आत्मगौरव की नई उड़ान भी भर रही है।

**डॉ सत्यवान सौरभ**

भारत आज उस ऐतिहासिक मोड़ पर खड़ा है जहाँ तकनीकी आत्मनिर्भरता केवल आर्थिक प्रगति का साधन नहीं, बल्कि राष्ट्रीय गर्व और वैश्विक नेतृत्व की दिशा भी बन गई है। दशकों तक चिप और सेमीकंडक्टर क्षेत्र में केवल उपभोक्ता के रूप में पहचाने जाने वाला भारत अब निमार्ता और आपूर्तिकर्ता बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। यह परिवर्तन केवल तकनीकी नहीं, बल्कि आत्मविश्वास और आत्मगौरव का भी प्रतीक है। सेमीकंडक्टर मिशन, वैश्विक सहयोग, और शिक्षा व अनुसंधान में निवेश ने भारत की चिप क्रांति को साकार रूप दिया है। भारत ने सेमीकंडक्टर निर्माण के क्षेत्र में ऐतिहासिक कदम उठाते हुए विश्व स्तर पर अपनी तकनीकी पहचान बनाई है। गुजरात और कर्नाटक में चिप पार्क, विदेशी निवेश और शिक्षा संस्थानों की सक्रिय भागीदारी ने इस अभियान को गति दी है। शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन 2025 में भारत ने सुरक्षा, संपर्क और अवसर के तीन स्तंभों पर बल देकर तकनीक को साझा भविष्य का आधार बताया। यह चिप क्रांति न केवल आर्थिक विकास का मार्ग प्रशस्त कर रही है, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा, नवाचार और आत्मगौरव की नई उड़ान भी भर रही है। भारत आज उस ऐतिहासिक दौर से गुजर रहा है जहाँ सपने नये यथार्थ का रूप ले चुके हैं। दशकों तक जिस देश को तकनीक के क्षेत्र में उपभोक्ता भर समझा जाता था, वही देश आज निमार्ता, आपूर्तिकर्ता और नवप्रवर्तक बनने की राह पर तेजी से बढ़ रहा है। सेमीकंडक्टर और चिप निर्माण की दिशा में भारत के प्रयास इसी परिवर्तन की सबसे सशक्त गवाही देते हैं। यह केवल तकनीकी विकास का संकेत नहीं है बल्कि राष्ट्रीय आत्मगौरव, आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास की उड़ान भी है। चिप अथवा सेमीकंडक्टर आज के युग की सबसे अनिवार्य धुरी है। बीसवीं शताब्दी में तेल ने जैसे विश्व राजनीति और अर्थव्यवस्था को संचालित किया था, उसी प्रकार इक्कीसवीं शताब्दी में चिप वैश्विक शक्ति संतुलन का आधार बन चुकी है। आधुनिक जीवन का कोई भी क्षेत्र इससे अछूता नहीं है। मोबाइल फोन, कंप्यूटर, स्मार्ट यंत्र, वाहन, रेल, हवाई जहाज, रक्षा उपकरण, उपग्रह, स्वास्थ्य सेवाओं के उन्नत यंत्र, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और रोबोट तक-हर क्षेत्र में चिप की अनिवार्यता स्पष्ट दिखाई देती है। इसीलिए जो राष्ट्र इस क्षेत्र में आत्मनिर्भर और सशक्त है, वही आने वाले समय में विश्व की राजनीति और अर्थव्यवस्था में निर्णायक भूमिका निभाएगा। भारत की स्थिति लंबे समय तक इस क्षेत्र में कमजोर रही। भारी पूंजी निवेश, लगातार ऊर्जा और जल संसाधनों की आवश्यकता, प्रशिक्षित मानव संसाधन की कमी और अनुसंधान की उपेक्षा जैसे कारणों से भारत पिछड़ता रहा। चीन, ताइवान, अमेरिका और कोरिया जैसे देशों ने इस स्थिति का लाभ उठाकर वैश्विक बाजार पर प्रभुत्व कायम किया और भारत को केवल एक विशाल उपभोक्ता बाजार के रूप में देखा जाने लगा। किन्तु राष्ट्रों के जीवन में भी ऐसे क्षण आते हैं जब परिस्थितियाँ बदली हुई राह पर चलने को बाध्य करती हैं। भारत के लिए भी यही अवसर बीते कुछ वर्षों में आया और उसने चुनौती को अवसर में बदलने का संकल्प लिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में प्रारम्भ हुए ह्यडिजिटल इंडियाह्न, ह्यमेक इन इंडियाह्न और ह्यस्टार्टअप इंडियाह्न जैसे अभियानों ने तकनीकी आत्मनिर्भरता की दिशा में नया उत्साह जगाया। इन अभियानों ने यह संदेश दिया कि भारत अब केवल उपभोक्ता नहीं, बल्कि निमार्ता भी बनेगा। वर्ष 2021 में घोषित भारत सेमीकंडक्टर मिशन ने इस संकल्प को ठोस आधार प्रदान किया। इसके अंतर्गत गुजरात और कर्नाटक में चिप निर्माण पार्क स्थापित करने की दिशा में कार्य प्रारम्भ हुआ। ताइवान, जापान और अमेरिका की कंपनियों ने भारत में निवेश और सहयोग की इच्छा प्रकट की। अरबों डॉलर के निवेश प्रस्ताव आए और अनुसंधान संस्थानों को सीधे इस अभियान से जोड़ा गया। कोविड महामारी ने वैश्विक आपूर्ति शृंखला की कमजोरियों को उजागर कर दिया। जब चीन और ताइवान के कारखाने ठप पड़े तो पूरी दुनिया में मोबाइल, वाहन और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का संकट खड़ा हो गया। कीमतें बढ़ीं, उत्पादन ठप हुआ और उपभोक्ताओं को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। उस कठिन दौर में भारत ने महसूस किया कि तकनीकी आत्मनिर्भरता केवल सुविधा का विषय नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक स्वतंत्रता का भी प्रश्न है। तभी भारत ने यह अवसर पहचाना और अपने को आपूर्ति शृंखला का विश्वसनीय केंद्र बनाने की दिशा में कदम बढ़ाए। हाल ही में चीन के तियानजिन शहर में सम्पन्न शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन इस संदर्भ में अत्यंत महत्वपूर्ण रहा। भारत ने यहाँ अपने दृष्टिकोण को स्पष्ट करते हुए सुरक्षा, संपर्क और अवसर के तीन स्तंभ प्रस्तुत किए। भारत ने कहा कि तकनीक केवल व्यापार और उद्योग का विषय नहीं, बल्कि साझा सुरक्षा, स्थायी संपर्क और सामूहिक अवसर का आधार है। सेमीकंडक्टर विकास और डिजिटल नवाचार को सामूहिक प्राथमिकता बनाने का भारत का आह्वान इस सम्मेलन की सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धि रहा। तियानजिन घोषणा पत्र में भारत की यह दृष्टि परिलक्षित हुई, जिससे यह प्रमाणित हो गया कि विश्व समुदाय भारत के बढ़ते तकनीकी महत्व को स्वीकार कर रहा है। भारत ने इस प्रयास को केवल उद्योग तक सीमित नहीं रखा है। शिक्षा संस्थानों, अनुसंधान केन्द्रों और स्टार्टअप्स को भी इस अभियान से जोड़ा जा रहा है। आईआईटी, एनआईटी और अन्य विश्वविद्यालयों में चिप डिजाइनिंग, नैनो टेक्नोलॉजी और एंबेडेड सिस्टम से जुड़े पाठ्यक्रम आरम्भ किए गए हैं। युवाओं को अनुसंधान और नवाचार की दिशा में प्रेरित किया जा रहा है। इस प्रकार आने वाली पीढ़ी को तकनीकी नेतृत्व सौंपने की ठोस तैयारी की जा रही है। सेमीकंडक्टर क्षेत्र में भारत का यह अभियान रोजगार सृजन और औद्योगिक विकास का भी आधार बनेगा। अनुमान है कि आने वाले दस वर्षों में इस क्षेत्र से दस लाख से अधिक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा होंगे। निर्माण, डिजाइनिंग, परीक्षण और वितरण के स्तर पर नये उद्योग और स्टार्टअप्स उभरेंगे। यह केवल तकनीकी विकास नहीं, बल्कि आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में भी ऐतिहासिक कदम होगा। इस अभियान का एक महत्वपूर्ण पहलू राष्ट्रीय सुरक्षा से भी जुड़ा है। रक्षा उपकरणों और उपग्रह तकनीक में आत्मनिर्भरता बढ़ने से भारत की रणनीतिक स्थिति सुदृढ़ होगी। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और साइबर सुरक्षा में भी भारत का प्रभाव बढ़ेगा। स्पष्ट है कि चिप निर्माण केवल उद्योग की आवश्यकता नहीं, बल्कि राष्ट्र की सुरक्षा और संप्रभुता से भी गहरे रूप से जुड़ा है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# अनंत चतुर्दशी पर बांधें अनंत सूत्र, विष्णु भगवान देंगे सुख-समृद्धि का वरदान

शास्त्रों के अनुसार, इस दिन अनन्त भगवान की पूजा करने से जीवन में सुख-समृद्धि और वैभव की प्राप्ति होती है। यह पर्व अनन्त सूत्र (लाल और पीले धागे) को हाथ पर बांधकर भगवान विष्णु से आशीर्वाद लेने का विशेष अवसर है। जो भक्त इस दिन व्रत और पूजा करते हैं, उन्हें दीघार्यु, पापों से मुक्ति और इच्छित फलों की प्राप्ति होती है।

### व्रत और पूजा विधि

प्रातः स्नान के बाद व्रत का संकल्प लें। पूजा स्थान पर भगवान विष्णु के अनन्त स्वरूप की प्रतिमा या चित्र स्थापित करें। पंचामृत, पुष्प, तुलसीदल, धूप, दीप और नैवेद्य से पूजा करें। अनन्त सूत्र को चौदह गांठ लगाकर हाथ में धारण करें। यह सूत्र अनन्त भगवान की कृपा का प्रतीक है। व्रतधारी दिनभर उपवास रखते हैं और संध्या के समय प्रसाद ग्रहण करते हैं। पूजा के दौरान ॐ अनन्ताय नमः₹ मंत्र का जप करना अत्यंत शुभ माना जाता है।

### अनंत चतुर्दशी व्रत कथा

सतयुग में सुमन्तुनाम के एक मुनि थे। उनकी पुत्री शीला अपने नाम के अनुरूप अत्यंत सुशील थी। सुमन्तु मुनि ने उस कन्या का विवाह कौण्डिन्य मुनि से किया। कौण्डिन्य मुनि अपनी पत्नी शीला को लेकर जब ससुराल से घर वापस लौट रहे थे, तब रास्ते में नदी के किनारे कुछ स्त्रियां अनंत भगवान की पूजा करते दिखाई पड़ीं। शीला ने अनंत-व्रत का माहात्म्य जानकर उन स्त्रियों के साथ अनंत भगवान का पूजन करके अनंत सूत्र बांध लिया। इसके फलस्वरूप थोड़े ही दिनों में उसका घर धन-धान्य से पूर्ण हो गया। एक दिन कौण्डिन्य मुनि की दृष्टि अपनी पत्नी के बाएं हाथ में बंधे अनंत सूत्र पर पड़ी, जिसे देखकर वह भ्रमित हो गए और उन्होंने पूछा- क्या तुमने मुझे वश में करने के लिए यह सूत्र बांधा है? शीला ने विनम्रतापूर्वक उत्तर दिया- जी नहीं, यह अनंत भगवान का पवित्र सूत्र है। परंतु ऐश्वर्य के मद में अंधे हो चुके कौण्डिन्य ने अपनी पत्नी की सही बात को भी गलत समझा और अनंत सूत्र को जादू-मंतर वाला वशीकरण करने का डोरा समझकर तोड़ दिया तथा उसे आग में डालकर जला दिया। इस जघन्य कर्म का परिणाम भी शीघ्र ही सामने आ गया। उनकी सारी संपत्ति नष्ट हो गई। दीन-हीन स्थिति में जीवन-यापन करने में विवश हो जाने पर कौण्डिन्य ऋषि ने अपने अपराध का प्रायश्चित करने का निर्णय लिया। वे अनंत भगवान से क्षमा मांगने के लिए वन में चले गए। उन्हें रास्ते में जो मिलता वे उससे अनंत देव का पता पूछते जाते थे। बहुत खोजने पर भी कौण्डिन्य मुनि को जब अनंत भगवान का साक्षात्कार नहीं हुआ, तब वे निराश होकर प्राण त्यागने को हुए। तभी एक वृद्ध ब्राह्मण ने आकर उन्हें आत्महत्या करने से रोक दिया और एक गुफा में ले जाकर चतुर्भुज अनंत देव का दर्शन कराया। भगवान ने मुनि से कहा- तुमने जो अनंत सूत्र का तिरस्कार किया है, यह सब उसी का फल है। इसके प्रायश्चित के लिए तुम चौदह वर्ष तक निरंतर अनंत-व्रत का पालन करो। इस व्रत का अनुष्ठान पूरा हो जाने पर तुम्हारी नष्ट हुई सम्पत्ति तुम्हें पुनः प्राप्त हो जाएगी और तुम पूर्ववत सुखी-समृद्ध हो जाओगे। कौण्डिन्य मुनि ने इस आज्ञा को सहर्ष स्वीकार कर लिया। कौण्डिन्य मुनि ने चौदह वर्ष तक अनंत व्रत का नियमपूर्वक पालन करके खोई हुई समृद्धि को पुनः प्राप्त कर लिया। गणेश विसर्जन और सांस्कृतिक महत्व

महाराष्ट्र, गोवा और कर्नाटक सहित पूरे देश में गणेशोत्सव का समापन अनन्त चतुर्दशी को ही होता है। इस दिन बड़े-बड़े शोभायात्राओं और भक्ति गीतों के साथ गणपति बप्पा का विसर्जन किया जाता है। यह अवसर समाज में एकता, उत्साह और सांस्कृतिक समृद्धि का प्रतीक है। अनन्त चतुर्दशी केवल भगवान विष्णु के अनन्त स्वरूप की आराधना का पर्व ही नहीं, बल्कि यह गणेशोत्सव की भव्य समाप्ति का भी दिन है। यह पर्व हमें यह सिखाता है कि अनन्त भगवान की कृपा से जीवन के दुख दूर होकर सुख, समृद्धि और शांति प्राप्त होती है।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website :** www.metrorays.in
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

न्यूज IN ब्रीफ

## हर नागरिक को अपने जीवन काल में रक्तदान जरूर करना चाहिए : कामरान



**साहिबगंज :** झारखंड शिक्षित बेरोजगार युवा मंच के अध्यक्ष सह प्रदेश सचिव झारखंड पॉलिटेक्निक छात्र संघ मो0 शाह कमर मुर्शाद ने ईद मिलाद उन नबी के मौके पर शुक्रवार की रात मो0 शाह कमर मुर्शाद को खबर आई की 4 महीने के बच्चे का हीमोग्लोबिन बहुत कम है। उन्हें एबी नेगेटिव खून की जरूरत है।तो शाह कमर मुर्शाद ने तत्परता दिखते हुए तुरंत सदर अस्पताल पहुंचकर अपना एक यूनिट रक्तदान कर संदेश दिया कि हर नागरिक को अपने जीवन काल में रक्तदान जरूर करना चाहिए.जिससे की रक्तदान करने से अनेको प्रकार के लाभ है। जैसे की हृदय की बीमारी से बचने में सहायक होता है।रक्तदान करने वाले को कैंसर होने की बहुत कम संभावना होती है,हमारा शरीर हीमोग्लोबिन बनाने में सक्षम और सक्रीय रहता है।और अनेकों प्रकार के बिमारियों से बचाता है। शरीर में रक्त की सफाई भी रक्तदान से ही होता है।रक्तदान करने और कराने से समाज में जागरुकता की जरूरत है।इसीलिये हर इंसान को प्रति वर्ष कम से कम एक यूनिट रक्तदान अवश्य करना चाहिए।मौके पर मोहम्मद कामरान अकमल मोहम्मद सादान,विकास कुमार,गुफरान एलएक्स एवम अन्य मौजूद थे।

## धूमधाम से छात्र-छात्राओं ने मनाया शिक्षक दिवस,गुरु से लिया आशीर्वाद



**साहिबगंज/बरहरवा :** नगर पंचायत में पाँच सितम्बर शिक्षक दिवस सभी शिक्षण संस्थानों व स्कूलों में धूमधाम से मनाया गया।बाजारों में भी एक दिन पूर्व से ही छात्र छात्राओं की भीड़ खरीदारी के लिए दिखाई दी।गुरु-शिक्षक का ये एक पारंपरिक त्योहार के रूप में मनाया जाता है जो सदियों से चलते आ रही है।इस मौके पर बरहरवा नगर कहारपाड़ा में संचालित एस.एस.क्लासेज द्वारा शिक्षक दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया!मंच संचालन रूपेश कुमार साव ने किया सर्वप्रथम डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई इसके बाद के काटकर डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जन्म दिवस मनाया गयो अपने संबोधन में डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कोचिंग के संचालक सोनू सिंह ने कहा कि शिक्षक समाज की दशा और दिशा तय करते हैं शिक्षक अपने ज्ञान के जरिए बच्चों में नैतिकता राष्ट्र प्रेम एवं कुछ कर गुजरने का जज्बा भरने का काम करता है!श्री सिंह ने कहा कि माता-पिता के बाद गुरु ही बच्चों में संस्कार और कुम्हार के घड़े की तरह संवारने का काम करते हैं माता-पिता और शिक्षक दुनिया के सबसे बड़े मार्गदर्शक हैं!कार्यक्रम को सफल बनाने में जीतु रमानी,करण रमानी,विश्वजीत रमानी,रोहित अंसारी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## दिव्यांग और असहाय बच्चों को निस्वार्थ सेवा करने से मिलती है शांतिः सुरेंद्रनाथ



**साहिबगंज :** शिक्षक दिवस के अवसर पर आज कौशल्या ज्योति ट्रस्ट के द्वारा स्थानीय दिव्यांग विद्यालय के शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया।इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष डॉ सुरेंद्रनाथ तिवारी ने बताया कि दिव्यांग और असहाय बच्चों को निस्वार्थ सेवा करने और उनके जीवन में महत्वपूर्ण बदलाव लाने के लिए संस्था के द्वारा सेवा दे रही चार शिक्षिकाओं को संस्था ने सम्मानित किया है।साथ में मैनकाइंड फार्मा लिमिटेड के सहयोग सीएसआर मद के तहत यहां के सभी बच्चों को रीजनल मैनेजर संजय कुमार,डॉ असफाक अहमद,मिथिलेश कुमार झा के द्वारा आज सभी बच्चों को छाता भेंट किया गया।डॉ असफाक अहमद और संजय कुमार ने कहा कि ऐसे बच्चों की सेवा लगातार हम लोगों के द्वारा किया जाएगा!इनके लिए हेल्थ जांच शिविर का भी आयोजन जसलड किया जाएगा।मौके पर रमेश कुमार,कंचन कुमारी,महेश तिवारी,अभिषेक कुमार ओझा,सभी विद्यालय परिवार के कर्मी छात्र-छात्राएं सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## शांति विकास संघ तक की पहुंच पथ है बेहद जर्जर

**मेदिनीनगर :** पलामू जिला मुख्यालय सिटी मेदिनीनगर में अघोर आश्रम स्थित शांति विकास संघ ने दुर्गा पूजा की तैयारी शुरू कर दिया है। मूर्ति निर्माण सहित पंडाल निर्माण की तैयारी शुरू हो चुका है। कोर सीटी के प्रारंभिक मुहाने पर स्थित होने के कारण बड़ी संख्या में लोग पंडाल सहित मूर्ति और पूजा देखने आते है। वार्ड-2 में स्थित यह दुर्गा पूजा स्थल एक बड़ी आबादी के लिए आस्था और श्रद्धा का केंद्र बनता है। पर्याप्त जगह होने के कारण यहां पूरे नियम से नवरात्रि पाठ किया जाता है। बिसफूटा, अघोर आश्रम, बैंक कॉलोनी, सहित विभिन्न मोहल्ले के लोग पूजा के लिए शांति विकास संघ के पंडाल में पहुंचते है।इस बार कई जगह पूजा का आयोजन न होने से भीड़ बढ़ने के आसार है। मेदिनीनगर नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त विश्वजीत महतो ने कहा कि सभी समस्याओं को तत्काल दुरुस्त करने का निर्देश दिया जाएगा। कुछ दिनों में पूजा समितियों के लिए नगर निगम गाइडलाइन भी जारी करेगी। पीएम श्री मध्य विद्यालय के ठीक बगल में पूजा स्थल निर्धारित है। विगत 2001 से यहां प्रतिवर्ष हर्षोल्लास से पूजा संपन्न होता आ रहा है। यहां का कुल बजट लगभग 8 लाख रुपए होता है एवं लगभग 15 हजार लोग यहां पहुंचते है। भंडारे और शांतिप्रिय तरीके से पूजा संपन्न करने के लिए संघ को जाना जाता है।

# अनंत पूजा जीवन की बाधाओं को दूर करने और धन-संपत्ति सुख-समृद्धि प्राप्त करने के लिए की जाती है : मिश्रा

अमित राज सिंह



**साहिबगंज :** अनंत पूजा, जिसे अनंत चतुर्दशी पर किया जाता है, भगवान विष्णु के अनंत रूप की पूजा है।इस पूजा में हल्दी से रंगकर और 14 गांठें लगाकर अनंत सूत्र बनाया जाता है।जिसे पुरुष दाहिने हाथ में और महिलाएँ बाएं हाथ में बांधती हैं. यह पूजा जीवन की बाधाओं को दूर करने और धन-संपत्ति, सुख-समृद्धि प्राप्त करने के लिए की जाती है।अनंत पूजा की विधि तैयारी सबसे पहले स्नान करके स्वच्छ वस्त्र धारण करें।पूजा स्थान की स्थापना पूजा स्थान को स्वच्छ करें और भगवान विष्णु अनंत रूप की तस्वीर या प्रतिमा स्थापित करें।कलश की स्थापना एक कलश में जल भरें और उसमें आम या अशोक के पत्ते और नारियल रखें।भगवान विष्णु की पूजाः चंदन, अक्षत, तुलसी पत्र और फूल अर्पित करें. भगवान विष्णु का ध्यान करते हुए ॐ अनंताय नमः मंत्र का जाप करें. अनंत सूत्र का उपयोग पूजा में रखे अनंत सूत्र 14 गांठों वाला धागा को भगवान विष्णु को अर्पित करें.

धागा बांधना पूजा के बाद पुरुषों को इसे दाहिने और महिलाओं को बाएं हाथ पर बांधना चाहिए व्रत कथा और भोगः अनंत चतुर्दशी की कथा पढ़ें या सुनें और भगवान को सात्विक व्यंजन जैसे हलवा, खीर या पंचमेवा का भोग लगाएं अनंत सूत्र का महत्व

यह भगवान विष्णु के 14 रूपों और 14 लोकों का प्रतीक है।यह धागा भूलोक, भुवलोक, स्वलोक, महलोक, जनलोक, तपोलोक, ब्रह्मलोक, अतल, वितल, सतल, रसातल, तलातल, महातल, और पाताल लोक का प्रतीक है।अनंत चतुर्दशी का महत्व

यह त्योहार अनंत भगवान, यानी भगवान विष्णु को समर्पित है।पांडवों ने महाभारत में जीत के लिए इस व्रत का पालन किया था इस व्रत को करने से जीवन की बाधाएं दूर होती हैं और घर में सुख-समृद्धि आती है।अनंत चतुर्दशी व्रत कथा, इसके पाठ से हर मनोकामना पूर्ण होगी।इस संदर्भ में जिला सहित आसपास क्षेत्र के शिव मंदिर और माता के मदिर में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया जबकि पंडित सुधीर मिश्रा ने बताया कि अंनत चतुर्दशी के त्योहार का हिंदू धर्म में खास महत्व होता है। इसी दिन गणपति बप्पा की मूर्ति का विसर्जन किया जाता है।भाद्रपद मास की शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी तिथि को अनंत चतुर्दशी पड़ती है। इस व्रत को रखने से जातक के जीवन में हमेशा सुख-समृद्धि बनी रहती है। वहीं, इस दिन भगवान विष्णु के अनंत रूप की पूजा होती है और व्रत कथा का पाठ करना भी अनिवार्य होता है। इससे आपकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण हो सकती हैं महाराज युधिष्ठिर ने एक बार राजसूय यज्ञ किया था और यज्ञ मंडप का निर्माण बहुत ही सुंदर और अद्भुत तरीके से कराया गया था। यज्ञ के मंडप में जल की जगह स्थल तो स्थल की जगह जल की भ्रांति होती थी। इसी के चलते दुर्योधन एक स्थल को देखकर जल कुण्ड में जाकर गिर गए। जब द्रौपदी ने यह देखा तो उनका उपहास करते हुए बोलीं कि अंधे की संतान भी अंधी होती है। इस कटुवचन को सुनकर दुर्योधन बहुत आहत हो गए और अपने अपमान का बदला लेने हेतु उसने युधिष्ठिर को द्युत यानी जुआ खेलने के लिए बुला लिया। वहां, छल से जीत हासिल करके पांडवों को 12 वर्ष का वनवास दे दिया।वन में रहते वक्त उन्हें अनेक प्रकार के कष्टों को सहना पड़ा। फिर एक दिन वन में भगवान कृष्ण युधिष्ठिर से मिलने के लिए गए। तब युधिष्ठिर ने उन्हें अपना सब हाल विस्तार से बताया और इस विपदा से निकलने का मार्ग दिखाने के लिए कहा। इसके उत्तर में भगवान कृष्ण ने युधिष्ठिर को अनंत चतुर्दशी का व्रत करने को कहा। उन्होंने व्रत के बारे में बताया कि इसे करने से खोया हुआ राज्य भी प्राप्त हो जाएगा। वातालाॅप करने के बाद कृष्णजी युधिष्ठिर को एक कथा सुनाने लगते हैं।

# मुख्यसचिव ने किया पत्रिका का अनावरण

संवाददाता



**दुमका :** झारखंड सरकार की मुख्यसचिव अलका तिवारी ने शनिवार को जिले के महत्वपूर्ण पर्यटक स्थल मसानजोर इको कॉटेज में शिक्षा विभाग की पत्रिका 'सालूक ' का विमोचन किया। इस अवसर पर जिले के उपायुक्त अभिजीत कुमार सिंहा ने मुख्य सचिव को पत्रिका की जानकारी देते हुए बताया कि यह पत्रिका जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग का समेकित प्रयास है। दुमका जिला प्रशासन जिले में शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए हमेशा प्रयासरत है।यह उसी प्रयास का एक भाग है। इस पत्रिका में स्थानीय परिवेश और छात्रों तथा शिक्षकों की रचनाएं सम्मिलित की गई हैं। इस पर स्थानीय सामान्य ज्ञान भी शामिल किया गया है।

इस पर मुख्य सचिव ने कहा कि इस पत्रिका में ऐसी जानकारी शामिल हो जो बच्चो के ज्ञान विकास विशेषकर प्रतियोगिता परीक्षा में उपयोगी हो। ऐसी पत्रिका नियमित अंतराल में प्रकाशित किया जाए।बच्चों की रचना को अधिक स्थान दिया जाए।प्रत्येक विद्यालय के पुस्तकालय में ऐसी पत्रिकाएं राखी जाय और बच्चो को पढ़ने के लिए आसानी से उपलब्ध कराया जाए।

इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अनिकेत सचान,पुलिस अधीक्षक पीतांबर सिंह खेरवार वन प्रमंडल पदाधिकारी सात्विक व्यास, सहायक दंडाधिकारी नाजिश अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी कौशल कुमार , जिला शिक्षा पदाधिकारी दुमका भूतनाथ रजवार, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी देवेश कुमार सिंहा, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी श्याम सुंदर मोदक उपस्थित थे।

## मुख्य सचिव ने लिया वीआर हेडसेट का अनुभव



**दुमका :** झारखंड सरकार की मुख्य सचिव अलका तिवारी ने शनिवार को जिले के महत्वपूर्ण पर्यटक स्थल मसानजोर इको कॉटेज में जिला पर्यटन कार्यालय, दुमका द्वारा उपलब्ध कराए गए वीआर हेडसेट का अनुभव लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह आधुनिक तकनीक पर्यटन विभाग के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो सकती है। वीआर तकनीक के माध्यम से पर्यटक झारखंड के प्रमुख स्थलों को आभासी रूप से देख सकेंगे, जिससे राज्य के पर्यटन को नई पहचान मिलेगी। उन्होंने इसे एक अद्भुत अनुभव बताया।

इस अवसर पर जिला खेल पदाधिकारी तूफान कुमार पौदार एवं डीएलटीएस रंजन मुर्मू ने मुख्य सचिव को डिवाइस के उपयोग में सहयोग प्रदान किया। उपायुक्त अभिजित सिन्हा ने जानकारी दी कि जिले में पर्यटन संवर्धन के साथ-साथ शैक्षणिक उद्देश्यों हेतु भी और अधिक वीआर डिवाइस खरीदे जाएंगे। उन्होंने कहा कि जिले के सरकारी विद्यालयों में विद्यार्थियों को इस तकनीक का अनुभव कराया जाएगा, जिससे बच्चों को ज्ञान के नए आयाम प्राप्त होंगे और डिवाइस की संभावनाओं को व्यापक स्तर पर प्रदर्शित किया जा सकेगा।

## रक्तदान करने से किसी प्रकार की कमजोरी नहीं आती है : एसडीपीओ




संवाददाता

**साहिबगंज/बरहरवा :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में साहिबगंज हेल्थ केयर विभाग एवं बरहरवा नगर पंचायत समाजसेवी सुमन कुमार के सहयोग से एक भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न किया गया।शिविर का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर बरहरवा एसडीपीओ.नितिन खंडेलवाल,प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ पंकज कर्मकार एवं समाजसेवी सुमन कुमार ने संयुक्त रूप से किया।मौके पर बरहरवा के अंचलाधिकारी अनोज कुमार,वरिष्ठ चिकित्सक अरविंद कुमार,भाजपा जिला उपाध्यक्ष ललिता पासवान,डॉ.सरिता टुडू सहित स्वास्थ्य विभाग के कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।शिविर में कुल 27 रक्तवीरों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया,जिनमें से 7 स्वास्थ्यकर्मी भी शामिल थे।सभी ने मिलकर मानवता की सेवा का प्रेरक संदेश दिया।कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ.रामदेव पासवान का भी आगमन हुआ।उन्होंने रक्तवीरों से मिलकर हर्ष व्यक्त किया और स्वास्थ्यकर्मी से भी रक्तदान करने का आह्वान किया और समाजसेवी सुमन कुमार ने कहा की ह्लरक्तदान करने से किसी प्रकार की कमजोरी नहीं आती,बल्कि यह शरीर को और अधिक स्वस्थ और ऊजार्वान बनाता है।शिविर के माध्यम से कुल 27 यूनिट रक्त का संग्रह किया गया जिसमें बी पॉजिटिव-10 यूनिट, ओ-पॉजिटिव-10 यूनिट,ए पॉजिटिव-3 यूनिट,ओ नेगेटिव-1 यूनिट,बी नेगेटिव -2 यूनिट ऐबी पॉजिटिव-1 यूनिट रक्त स्वास्थ्य विभाग के सुपुर्द किया गया,जिसका आवश्यकता अनुसार मरीजो के जान बचाने के लिए किया जाएगा।

## चंद्र ग्रहण को लेकर जलार्पण बंद

**देवघर :** जिले के अनुमंडल पदाधिकारी सह बाबा मंदिर प्रभारी द्वारा जानकारी दी गई है कि आगामी 07 सितंबर 2025 को भादो पूर्णिमा रविवार रात्रि 9:56 से रात्रि 1:28 तक चंद्र ग्रहण लगेगा। ऐसे में सात सितंबर को बाबा मंदिर में 06 बजे तक जलार्पण बंद कर दिया जाएगा।

# हम कांग्रेस पार्टी के संगठन को जमीनी स्तर पर पहुंचाना चाहते हैं : मणिशंकर

संवाददाता



**साहिबगंज :** कांग्रेस में जिला अध्यक्ष की चयन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।इसी सिलसिले में 05 सितंबर को साहेबगंज के आजाद नगर छोटा पंचगढ़ स्थित स्वयंवर बैंक्विट हॉल में कांग्रेस की एक अहम बैठक हुई।जिसमें जिला जिला के अध्यक्ष चयन के एआईसीसी पर्यवेक्षक टोकिया प्रभु,प्रदेश उपाध्यक्ष सह जिला पर्यवेक्षक मणिशंकर एवं अल्पसंख्यक आयोग के शमशेर आलम व प्रदेश महासचिव तनवीर आलम मुख्य रूप से उपस्थित थे।बैठक में जिला कांग्रेस कमिटी,सभी प्रखंड कांग्रेस कमिटी,सभी वरिष्ठ नेताओं,सभी प्रखंड अध्यक्षों,सभी मण्डल अध्यक्षों सभी अग्रणी मंच मोर्चा विभागों के अध्यक्षों एवं प्रखण्ड पर्यवेक्षकों की उपस्थिति में एआइसीसी पर्यवेक्षक ने जिला अध्यक्ष के चयन की विधिवत घोषणा करते हुए चयन प्रक्रिया को विस्तारपूर्वक समझाया।उन्होंने सभी कांग्रेसजनों से अपील किया कि वो मुझसे मिलकर इस अपने जिला के लिए अध्यक्ष के लिए अपना सुझाव दें।इस बार अध्यक्ष का चुनाव पूरी निष्पक्षता के साथ संगठन के लोगों के सलाह मशवरा को ध्यान में रखकर ही किया जाएगा। आपसे अनुरोध है कि आप ऐसे कांग्रेसी का नाम का सुझाव दें जो पूरी तरह से कांग्रेस के विचारधारा से जुड़ा हो और उसका पालन करता हो,जो समाज के हर धर्म हर वर्ग हर जाति को साथ लेकर चलने की क्षमता रखता हो जो स्वच्छ छवि का हो और उसके परिवार का कोई भी सदस्य किसी अन्य पार्टी से संबंध नहीं रखता हो।हम ऐसे लोगो से दूरी बनाना चाहते जो हर पार्टी में रह कर बस अपने फायदे ले लिए पार्टी का इस्तेमाल करते हैं।कहा की आज से हम प्रत्येक दिन दो से तीन प्रखंड का दौरा कर प्रखंड कांग्रेस कमिटी की बैठक में उस प्रखंड के कार्यकताओं और नेताओं से मिलकर जिला अध्यक्ष का फॉर्म वितरण करेंगे और साथ ही सभी कार्यकताओं से उनका नजरिया कलमबद्ध करेंगे।वहीं प्रदेश उपाध्यक्ष सह जिला पर्यवेक्षक मणिशंकर ने कहा कि आज से हम प्रखण्ड का दौरा शुरू कर रहे हैं। शनिवार को साहिबगंज सदर,बोरियो एवं तालझारी में 7 सितंबर को मंडरो एवं बरहेट,8 सितंबर को पतना एवं बरहरवा 9 सितंबर को राजमहल एवं उधवा में बैठक कर जिला अध्यक्ष से संबंधित रायशुमारी एवं चुनाव हेतु फार्म का वितरण किया जाएगा।वही 10 सितंबर को जिला अध्यक्ष के लिए साहेबगंज परिसद में सभी आवेदन का संकलन किया जाएगा।वही बैठक के बाद प्रेस को संबोधित करते हुए एआइसीसी पर्यवेक्षक टोकिया प्रभु ने कहा कि संगठन सृजन अभियान के तहत जिला अध्यक्ष के चयन को लेकर मेरा प्रवास साहिबगंज जिले में हुआ है।कांग्रेस के संगठन को पुनः स्थापित करने के लिए जिला अध्यक्ष के चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्षता के साथ पूरा करने की जिम्मेदारी हमें दी गई है।जिला अध्यक्ष का चुनाव लड़ने के लिए लिए प्रत्याशी के लिए पात्रता तय कि गई है जिसमे प्रत्याशी का कांग्रेस के विचारधारा पर मजबूती से डटे रहने वाला,,वफादारी से पार्टी का काम करने वाला,उसके द्वारा संगठन में पूर्व में मिली जिम्मेदारियों को लेकर रिपोर्ट,साफसुथरी एवं बेदाग छवि, एवं शून्य अपराधिक पृष्ठभूमि का होना अनिवार्य है।हम ये भी देखेंगे कि उनके परिवार का कोई सदस्य किसी अन्य पार्टी के जुड़ा न हो।पार्टी ऐसे लोगों को जिले की जिम्मेदारी नहीं सौंपना चाहती है।हम कांग्रेस पार्टी के संगठन को जमीनी स्तर पर पहुंचाना चाहते हैं और ऐसा संगठन बनाना चाहते हैं जो हमेशा जनहित के मुद्दों को लेकर सक्रिय दिखे और लोगों की मदद करे।मौके पर जिले के विभिन्न प्रखंडों से कांग्रेस कार्यकर्ता एवं नेता मौजूद थे!



# बिपाशा पर मृणाल ठाकुर की टिप्पणी को लेकर उर्फी ने दी प्रतिक्रिया



**मृणाल ठाकुर अपने एक पुराने वीडियो को लेकर सुर्खियों में हैं। मृणाल इस वीडियो में कथित तौर पर अभिनेत्री बिपाशा बसु की बॉडी पर तंज कसती दिखी हैं। वे खुद को बिपाशा से ज्यादा खूबसूरत बता रही हैं और कहती हैं कि बिपाशा के मैनली मसल्स हैं। इस पर बिपाशा बसु ने एक क्रिप्टिक पोस्ट के जरिए मृणाल को जवाब दिया। मृणाल ठाकुर इस पर सफाई देकर माफी मांग चुकी हैं। अब उर्फी जावेद ने इस वीडियो पर प्रतिक्रिया दी है।**

उर्फी ने लिखा, हम सभी ने ऐसी बातें कही हैं मृणाल ठाकुर ने इस वायरल वीडियो में जो कुछ कहा, उसने तूल पकड़ लिया है। बिपाशा के फैंस मृणाल को ट्रोल कर रहे हैं। उनकी समझ पर सवाल उठाए जा रहे हैं। इस बीच उर्फी जावेद ने मृणाल ठाकुर का बचाव किया है। उर्फी ने आज शुक्रवार को मृणाल का वह पुराना वीडियो अपनी इंस्टा स्टोरी पर शेयर किया है और इसके साथ लिखा है, हम सभी ने अतीत में ऐसी बातें कही हैं।

विचारधाराओं में बदलाव होता है उर्फी ने लिखा है, जब हम युवा होते हैं तो हमें कुछ भी बेहतर नहीं पता होता, हम हर दिन सीखते और बढ़ते हैं। हम सभी ने अतीत में ऐसी बातें कही हैं, जिनसे अब हम सहमत नहीं हैं, क्योंकि हम विकसित होते हैं, बदलते हैं, हमारे नैतिक मूल्य भी बदलते हैं। विचारधाराओं में भी बदलाव होता है। मैंने पिछले इंटरव्यू में भी कुछ ऐसी बातें कही हैं, जो मुझे पसंद नहीं हैं।

## मृणाल ने मांगी थी माफी



बता दें कि मृणाल ठाकुर ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक पोस्ट शेयर कर इस टिप्पणी पर सफाई दी थी कि उन्होंने इरादतन कोई बात नहीं कही थी। अभिनेत्री ने पोस्ट में लिखा, 19 साल की उम्र में मैंने टीनएज में कई ऐसी बेवकूफी भरी बेतुकी बातें कही थीं। मुझे यह समझ नहीं थी कि आवाज में कितनी ताकत होती है या महज मजाक में भी कहे गए शब्द कितना दुख पहुंचा सकते हैं। लेकिन ऐसा हुआ और इसके लिए मुझे बहुत अफसोस है। मेरा इरादा कभी किसी को बॉडी शेम करने का नहीं था। यह एक इंटरव्यू में मजाकिया अंदाज में कही गई बात थी। यह मजाक हद से ज्यादा बढ़ गया। काश मैंने अपने शब्द अलग तरह से चुने होते। समय के साथ, मैं समझने लगी हूं कि सुंदरता हर रूप में होती है और अब मैं इसी को सच में महत्व देती हूं।

# तेहरान में काम करने के लिए तुरंत हां कहा था




अभिनेत्री मधुरिमा तुली अपनी फिल्म तेहरान को लेकर सुर्खियों में हैं। फिल्म में उन्होंने जॉन अब्राहम के विपरीत जासूस काजल सिंघानिया का रोल निभाया है। फिल्म में अपने रोल के बारे में मधुरिमा ने कहा कि पिछली फिल्मों के मुकाबले इस फिल्म में उनका रोल एकदम अलग और नया है। बातचीत में मधुरिमा तुली ने कहा मेरे पिछले किरदारों के मुकाबले तेहरान में मेरा रोल सबसे अलग और नया है। मैंन पहले काल्पनिक रोल जैसे राजकुमारी, पुलिस और योद्धा का किरदार निभाया था लेकिन इस फिल्म में असली रोल निभाया है। यह रोल किसी से प्रेरित नहीं है। इस रोल से मैंने जुड़ाव महसूस किया है। मधुरिमा ने बताया कि वह इस फिल्म में काम करने के लिए बहुत जल्दी तैयार हो गई थीं। उन्होंने कहा तेहरान का पूरा सेट बहुत अच्छा था, चाहे वह मेरे साथी कलाकार हों, प्रोडक्शन हाउस मैडॉक फिल्म्स हो या फिर कहानी हो। यह सच्ची घटना पर आधारित है। सब कुछ बहुत अच्छा था। इसलिए इस फिल्म को ना कहने के लिए मेरे पास कोई कारण नहीं था। जब मैंने सुना कि यह रोल जॉन के विपरीत है तो मैंने तुरंत इसके लिए हां कह दिया। मधुरिमा को लगता है कि तेहरान ने उन्हें एक जमीनी और भावनात्मक स्तर पर रोल निभाने का मौका दिया है। फिल्म में उन्होंने महिलाओं की ताकत को दर्शाया जो अपने प्रियजनों का सपोर्ट करती है।



# कार्तिक आर्यन के हाथ लगी इस निर्देशक शिमित अमिन की फिल्म

अभिनेता कार्तिक आर्यन की आगामी फिल्म की चर्चा हो रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक वे आगामी फिल्म कैप्टन इंडिया में वायुसेना पायलट की भूमिका निभाते दिखेंगे। कार्तिक आर्यन के हाथ निर्देशक शिमित अमिन की फिल्म लगी है, जिसमें वे पायलट का रोल करेंगे। शिमित अमिन के साथ कार्तिक आर्यन की यह पहली फिल्म होगी। बता दें कि शिमित को अब तक छप्पन और चक दे! इंडिया जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है।

पिंकविला की एक रिपोर्ट के मुताबिक, कार्तिक और शिमित पिछले एक साल से बातचीत कर रहे थे। दोनों के बीच कई विषयों पर बातचीत चल रही थी। इसी बीच शिमित ने कार्तिक को कैप्टन इंडिया के बारे में बताया। उन्हें यह कहानी काफी दिलचस्प लगी। सूत्र ने आगे कहा, शिमित ने कैप्टन इंडिया के लिए एक शानदार स्क्रीनप्लेय तैयार किया है। वे 2026 की पहली छमाही में कार्तिक के साथ फिल्म की शूटिंग शुरू करने की तैयारी में हैं। शिमित ने जब कार्तिक को फिल्म की कहानी सुनाई, तो एक्टर को भी स्क्रिप्ट काफी पसंद आई है। फिल्म की शूटिंग मार्च से जुलाई 2026 तक निर्धारित है।



# कई बायोपिक करना चाहते हैं सनी हिंदुजा

पॉपुलर वेब सीरीज एस्पिरेंट्स का संदीप भैया का किरदार आज भी ऑडियंस के दिलों में एक खास जगह बनाए हुए है। इस किरदार को निभाने वाले अभिनेता सनी हिंदुजा अब एक नए रोल में नजर आएंगे। वो वेब सीरीज सारे जहां से अच्छा में पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के एजेंट के किरदार में दिखेंगे।

## एक्टर हमेशा भूखा रहता है...

बातचीत में सनी हिंदुजा ने कहा, एक्टर होता है तो भूखा होता है, मतलब हमेशा अच्छे रोल्स का इंतजार करता रहता है। मैं भी उसी कड़ी में हूं। अच्छे राइटर्स, अच्छे मेकर्स और अच्छे प्लेटफॉर्म्स के लिए इंतजार करना पड़ता है।

## लोगों का प्यार गहरा होता है, भले नाम न जानें

एक्टर ने आगे कहा कि ट्रोलर्स के जो चुटकुले बनते हैं, उन्हें देखकर लगता है कि लोगों की मोहब्बत कितनी गहरी है। भले वे मेरा नाम भी सही से न जानते हों। कोई मुझे संदीप भैया बुलाता है, कोई 'सनी' ही समझ लेता है। अब कुछ लोग मुझे पाकिस्तानी आईएसआई एजेंट समझ बैठे हैं, मजाक अलग है लेकिन ये भी एक तरह का प्यार ही है।

## बायोपिक्स करना चाहते हैं सनी हिंदुजा

अभिनेता ने आगे कहा कि हां, ऐसा बिल्कुल नहीं है कि मैं संतुष्ट हूं। मैं चाहता हूं कि मैं बायोपिक्स करूं, अलग-अलग किरदार निभाऊं, खुद को एक्सप्लोर करूं। लेकिन जो भी रोल मिले, उसमें पूरी मेहनत और लगन से काम करना चाहिए। छोटे या बड़े रोल से फर्क नहीं पड़ता, जो दिल से निभाए वही कामयाब होता है।

## हर किरदार में देना चाहिए सर्वश्रेष्ठ

सनी ने यह भी बताया कि एक्टिंग में सही स्क्रिप्ट, टीम और रोल मिलना कितना जरूरी है। उन्होंने कहा कि जब आपको अच्छी स्क्रिप्ट मिलती है और रोल में जान डालने का मौका मिलता है, तो आपको वह काम पूरे दिल से करना होता है। चाहे वह आईएएस बनने की कोशिश कर रहा संदीप भैया हो या एक जासूस जैसा पाकिस्तानी आईएसआई एजेंट, हर किरदार में आपको अपना सर्वश्रेष्ठ देना होता है।

## लोगों से मिले प्यार को खास मानते हैं सनी


जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें कभी ऐसा महसूस हुआ कि उन्हें वह रोल नहीं मिला जिसकी वे हकदार थे और क्या वे अभी भी उस खास मौके का इंतजार कर रहे हैं। इस पर सनी ने जवाब देते हुए कहा कि सच्चाई ये है कि मैं आज जिस पोजीशन पर हूं, वह बहुत खास है। इतना प्यार मिलता है कि मेरा पैशन और प्रोफेशन दोनों साथ-साथ चल रहे हैं। अगर ये मुझे नहीं मिला होता, तो मैं बस एक्टिंग करता रहता, लेकिन इतनी जल्दी प्यार और पहचान मिलना मेरे लिए बड़ी खुशी की बात है।

# मधुर भंडारकर ने शुरू की 'द वाइफ्स' की शूटिंग ओरी संग नजर आईं मौनी रॉय



डायरेक्टर मधुर भंडारकार ने अपनी अपकमिंग फिल्म 'द वाइफ्स' की घोषणा पिछले दिनों की। यह फिल्म बॉलीवुड स्टार वाइफ्स के ऊपर बन रही है। एक चर्चित एक्ट्रेस फिल्म में लीड रोल निभा रही हैं। वहीं इंफ्लुएंसर ओरी भी एक अहम किरदार इस फिल्म में कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें ओरी ने इस फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। साथ में वह चर्चित एक्ट्रेस भी नजर आ रही हैं।

## मधुर भंडारकर संग बातचीत करता दिखा ओरी



सोशल मीडिया पर जो वीडियो वायरल है, उसमें डायरेक्टर मधुर ओरी और लीड एक्ट्रेस के साथ नजर आए। इंफ्लुएंसर ओरी भी अपने किरदार में नजर आ रहा है। वह ट्रेडिशनल ड्रेस पहने सेट पर मौजूद दिखा। डायरेक्टर और इन एक्टर्स के बीच किसी बात को लेकर डिस्कशन हो रहा था।

## मौनी रॉय बॉलीवुड स्टार वाइफ के रोल में नजर आएंगी



सेट पर मौनी रॉय भी दिखीं। वह लाल साड़ी पहने नजर आईं। फिल्म में वह एक बॉलीवुड स्टार वाइफ के रोल में नजर आएंगी। मौनी इस फिल्म में लीड रोल में होंगी। पिछले दिनों मौनी के साथ फोटो साझा करते हुए मधुर भंडारकर ने यह जानकारी साझा की थी। मधुर भंडारकर 'फैशन', 'चांदनी बार', 'हीरोइन' और 'पेज 3' जैसी फिल्मों में अलग-अलग इंडस्ट्री की चमक के पीछे की दुनिया को दिखा चुके हैं। अब वो बॉलीवुड स्टार वाइफ्स की चमकदार दुनिया को बड़े पर्दे पर दर्शकों को दिखाएंगे। बॉलीवुड के कई राज भी वह इस फिल्म के जरिए खोल सकते हैं।

# फिडे ग्रां प्री स्विस 2025 : गुकेश ने ड्रॉ खेला, प्रज्ञानानंद ने हासिल की जीत महिला वर्ग में वैशाली संयुक्त बढ़त पर

एजेंसी

**समरकंद (उज्बेकिस्तान) :** विश्व चैम्पियन डी. गुकेश को मात्र 14 वर्षीय तुर्की ग्रैंडमास्टर यागिज खान एर्दोगमुस ने दूसरे दौर में ड्रॉ पर रोक दिया। वहीं, महिला वर्ग की मौजूदा चैंपियन आर. वैशाली ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हॉलैंड की एलाइन रोएबर्स को पराजित कर संयुक्त बढ़त हासिल की। ओपन सेक्शन में गुकेश जीत की स्थिति में होने के बावजूद समय की कमी से जूझते हुए एर्दोगमुस से अंक बांटने पर मजबूर हुए। दूसरी ओर, शीर्ष वरीय आर. प्रज्ञानानंद ने शानदार वापसी करते हुए अपने पहले मुकाबले में जीत दर्ज की। उन्होंने रूस पर प्रतिबंध के कारण फिडे ध्वज तले खेल रहे इवान जेनल्यांस्की को पराजित किया।



8,55,000 अमेरिकी डॉलर इनामी राशि वाले इस टूनार्मेंट के ओपन वर्ग में फ्रांस के अलीरेजा फिरौजा, ईरान के परहम मागसूदलू और स्लोवेनिया के एंटोन डेमचेंको दो-दो अंक के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। महिला वर्ग में वैशाली लगातार दूसरी जीत के साथ दो अंकों पर पहुंच गई हैं और अब वह ऑस्ट्रिया की ओल्गा बेदेलका के साथ संयुक्त शीर्ष पर हैं। वैशाली की रेटिंग और वर्तमान फॉर्म को देखते हुए उम्मीद है कि वह जल्द ही अकेली बढ़त बना सकती हैं। यह फिडे ग्रां प्री स्विस का चौथा संस्करण है। ओपन और महिला दोनों वर्गों में शीर्ष दो खिलाड़ी 2026 के फिडे कैंडिडेट्स टूनार्मेंट के लिए क्वालीफाई करेंगे, जो अगली विश्व चैम्पियनशिप के दावेदार तय करेगा। 6,25,000 अमेरिकी डॉलर इनामी ओपन वर्ग (प्रथम स्थान के लिए 90,000 डॉलर) में कुल 116 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इसमें भारतीय तिकड़ी – जीएम प्रज्ञानानंद, अर्जुन एरिगैसी और गुकेश – शीर्ष पर वरीयता प्राप्त हैं।

# लीग्स कप विवाद: लुइस सुवारेज पर छह मैच का बैन

**न्यूयॉर्क :** इंटर मियामी के स्टार खिलाड़ी लुइस सुवारेज पर लीग्स कप की अनुशासन समिति ने छह मैचों का प्रतिबंध लगाया है। यह सजा उन्हें पिछले सप्ताहांत सिएटल साउंडर्स के खिलाफ हुए फाइनल मैच में विवादित घटनाक्रम के चलते दी गई है। 38 वर्षीय उरुग्वे, लिवरपूल और बार्सिलोना के पूर्व स्टार सुवारेज पर आरोप है कि उन्होंने मियामी की 0-3 की हार के बाद मैदान पर हुई झड़प में साउंडर्स के एक अधिकारी पर थूक दिया। समिति ने साफ किया कि यह प्रतिबंध अगले साल होने वाले लीग्स कप पर लागू होगा, जबकि मेजर लीग सॉकर (टछर) चाहे तो इस पर अतिरिक्त कार्रवाई भी कर सकती है। सुवारेज ने गुरुवार को इंस्टाग्राम पर बयान जारी करते हुए माफी मांगी। उन्होंने लिखा, स्यह तनाव और निराशा का क्षण था। मैच खत्म होते ही ऐसी चीजें हुईं जो नहीं होनी चाहिए थीं। लेकिन यह मेरे रिएक्शन को सही नहीं ठहराता। मैं गलत था और मुझे इसका सच्चा अफसोस है।स्
सिर्फ सुवारेज ही नहीं, उनके साथी खिलाड़ी भी सजा के दायरे में आए हैं। सर्जियो बुस्केट्स को दो मैच, जबकि तोमास अविलेस को तीन मैच का प्रतिबंध झेलना होगा। वहीं, सिएटल साउंडर्स के कोचिंग स्टाफ सदस्य स्टीवन लेंहार्ट पर पांच मैच का बैन लगाया गया है।

# अल्कराज ने जोकोविच को हराकर यू.एस. ओपन 2025 फाइनल में बनाई जगह

एजेंसी

**न्यूयॉर्क :** दूसरे वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्कराज ने 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच को शुक्रवार को सीधे सेटों में 6-4, 7-6(4), 6-2 से हराकर यू.एस. ओपन के फाइनल में प्रवेश कर लिया। आर्थर ऐश स्टेडियम में खेले गए इस बहुप्रतीक्षित मुकाबले में दर्शकों की भारी भीड़ जुटी और मैच ने पूरी तरह उम्मीदों पर खरा उतरते हुए रोमांचक अंदाज पेश किया। 2022 के चैंपियन अल्कराज ने मैच प्वॉइंट पर गूंजती तालियों और नारों के बीच जीत पक्की की। उन्होंने अपने से 16 साल बड़े प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ दोगुने विनर शॉट लगाए। मैच के बाद अल्कराज ने कहा, ह्लएक बार फिर यू.एस. ओपन के फाइनल में पहुंचना शानदार एहसास है और मेरे लिए बहुत मायने रखता है। यह बेहद शारीरिक मुकाबला था। पहले सेट में जोकोविच शुरूआत में ही सर्व गंवा बैठे और उन्हें कोई भी ब्रेक प्वॉइंट बनाने का मौका नहीं मिला। अल्कराज ने दमदार सर्व के साथ पहला सेट अपने नाम किया। दूसरे सेट में सातवीं वरीयता प्राप्त जोकोविच ने वापसी की कोशिश की और दूसरे गेम में शानदार बैकहैंड से ब्रेक हासिल किया। लेकिन अल्कराज ने पांचवें गेम में लंबी रैली जीतकर ब्रेक प्वॉइंट बनाया और बढ़त वापस ले ली। टाईब्रेक में 0-2 से पिछड़ने के बाद जोकोविच ने शानदार नेट प्ले दिखाकर भीड़ को खुश किया, मगर अल्कराज ने लगातार दो दमदार सर्विस से बढ़त बनाए रखी और दूसरा सेट भी जीत लिया। तीसरे सेट में जोकोविच की डबल फॉल्ट ने अल्कराज को शुरूआती बढ़त दी। आखिरकार, एक और डबल फॉल्ट और चौड़े फोरहैंड ने मुकाबले का अंत किया। मैच के बाद जोकोविच ने मुस्कुराते हुए जाल पर झुककर अल्कराज को बधाई दी। अब फाइनल में अल्कराज का मुकाबला मौजूदा चैंपियन यानिक सिनर और कनाडा के 25वें वरीय फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे के बीच विजेता से होगा।



# इंदौर में आज रात निकलेंगी झिलमिलाती नयनाभिराम झांकियां

## सभी तैयारियां पूरी : कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम

एजेंसी

**इंदौर :** मध्य प्रदेश के इंदौर की गौरवशाली परम्परा के अनुसार इस वर्ष भी अनन्त चतुर्दशी के अवसर पर आज शनिवार-रविवार की दरमियानी रात शहर के विभिन्न मार्गों से झिलमिलाती नयनाभिराम झांकियां निकलेंगी। कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देशन में जिला प्रशासन द्वारा प्रशासनिक और अन्य जरूरी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। इस वर्ष भी खजराना गणेश मंदिर, इंदौर विकास प्राधिकरण, होप टेक्सटाईल (भण्डारी) मिल, नगर निगम, कल्याण मिल, स्पूतनिक ट्यूटोरियल एकेडमी और मालवा मिल, स्वदेशी मिल, राजकुमार मिल तथा हुकमचंद मिल, जय हरसिद्धी माँ सेवा समिति सहित अन्य संस्थाओं की झांकियां निकलेंगी। एक संस्थान की दो या तीन झांकियां रहेंगी जो आकर्षक विद्युत सज्जा के साथ स्वचलित होंगी। झांकियों के साथ अखाड़े भी रहेंगे। कलेक्टर आशीष सिंह ने बताया कि चल समारोह के मद्देनजर शहर में कानून व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं।



साथ ही साफ-सफाई, प्रकाश और पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था भी की गयी है। जुलूस मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था संबंधी निगरानी के लिये वाच टावर बनाये गये हैं। इन वाच टावर्स पर चिकित्सकों को भी तैनात किया गया है। साथ ही प्रमुख स्थानों पर मय चिकित्सक के एम्बूलेंस भी तैनात की गयी हैं। सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से भी लगातार निगरानी की जायेगी। चल समारोह में शराब पीकर आने वालों के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। इसके लिए पुलिस द्वारा ब्रीथ एनेलाइजर के माध्यम से जाँच की जायेगी।

### झांकियों का क्रम

1.खजराना गणेश मंदिर, 2. श्री शास्त्री कार्नर नवयुक मण्डल छोटा गणपति मंदिर मल्हारगंज, 3. इंदौर विकास प्राधिकरण, 4. नगर निगम, 5. होप टेक्सटाईल (भण्डारी मिल), 6. कल्याण मिल, 7. मालवा मिल, 8. हुकुचंद मिल, 9. स्वदेशी मिल, 10. राजकुमार मिल, 11. स्पूतनिक ट्यूटोरियल एकेडमी, 12. जय हरसिद्धी माँ सेवा समिति।

### झांकी मार्ग

अनन्त चतुर्दशी चल समारोह आज शाम 6 बजे से शुरू होगा। उक्त चल समारोह मिल क्षेत्र और डीआरपी लाइन मैदान से प्रारंभ होकर श्रम शिविर, देवी अहिल्या मार्ग, एमजी रोड़, कृष्णपुरा, नंदलालपुरा, जवाहर मार्ग, नरसिंह बाजार, सीतला माता बाजार, गौराकुंड, खजूरी बाजार से राजवाड़ा होकर वापस अपने मिलों में पहुंचेगा।

### झांकी व्यवस्था

निर्देश दिए गए है कि झांकियां निर्धारित समय से प्रारंभ हो। सभी को समय का पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों की यह जिम्मेदारी रहेगी कि निर्धारित समय पर झांकियां मिल प्रागंण से बाहर निकलें। वे झांकियों की गाड़ी के टायर-ट्यूब, उनमें लगी विद्युत व्यवस्था तथा उनके लिए जनरेटर आदि को देखेंगे। झांकियों के साथ प्राथमिक चिकित्सा का सामान एवं डाक्टर की व्यवस्था सिविल सर्जन करेंगे। निर्धारित समय पर नहीं निकलने वाली झाँकी को चल समारोह में सम्मिलित नहीं किया जायेगा। यदि किसी झांकी की विद्युत व्यवस्था या किसी अन्य अवरोध के कारण आगे बढ़ने में कठिनाई होती है तो वह अपनी झांकी एवं अखाड़े को एक तरफ रोककर पीछे से आने वाली झांकी को आगे निकलने देगी। नवीन स्वागत मंचों की अनुमति नहीं दी गई है। केवल उन्ही मंचों को अनुमति दी गई है जो परम्परागत रूप से लगाये जाते रहे हैं। स्वागत मंचों की अनुमति नगर पुलिस अधीक्षक द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में परम्परागत लगाये जाने वाले मंचों को ही परीक्षण उपरांत दी गई है। एक स्वागत मंच पर दो से अधिक स्पीकर लगाने की अनुमति नहीं दी जायेगी। अखाड़ों के उस्तादों से कहा गया है कि वे झांकी निकलने के पूर्व अर्थात शाम 5 बजे तक अपने-अपने निर्धारित स्थल पर पहुँच जाएं। अखाड़ों में शराब आदि नशा करके चलना प्रतिबंधित है। साथ ही तेज धारदार संघातिक हथियार लेकर चलना भी प्रतिबंधित है। मिट्टी के तेल को मुंह में भरकर आग उड़ाना एवं अन्य खतरनाक किस्म के करतब भी प्रतिबंधित है। अखाड़ों के व्यक्तियों द्वारा दण्डाधिकारी का आदेश नहीं मानने पर उसे तुरंत जुलूस से अलग कर बाद में उसका लाइसेंस भी रद्द किया जा सकता है। अखाड़ों में धारदार एवं संघातिक किस्म के हथियार को लेकर चलना पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। अखाड़ों के उस्तादों को प्रतीक के रूप में मात्र एक तलवार म्यान में रखकर चलने की अनुमति रहेगी। प्रत्येक अखाड़े के सदस्य स्वागत मंच पर एक मिनिट तथा निर्णायक मंच पर तीन मिनिट तक करतब दिखायेंगे। यदि झांकियों के बीच में गैप हो तो ड्यूटी पर उपस्थित पुलिस अधिकारियों द्वारा अखाड़ों को आगे बढ़ाने संबंधी दिये गये निदेर्शों का अखाड़ों द्वारा पालन किया जायेगा। प्रत्येक अखाड़े के सदस्यों की ड्रेस (वेशभूषा) एक जैसी रहेगी तथा अखाड़े की ओर से प्रत्येक सदस्य को बैजेस दिए जायेंगे।

# खाटूश्यामजी मंदिर में 43 घंटे तक बंद रहेंगे दर्शन

एजेंसी

**सीकर :** सीकर जिले में स्थित विश्वविख्यात बाबा खाटूश्यामजी मंदिर में श्रद्धालुओं को 43 घंटे तक दर्शन का अवसर नहीं मिलेगा। मंदिर प्रशासन की ओर से जारी आदेश के अनुसार आज रात 10 बजे से मंदिर के पट बंद कर दिए जाएंगे और 8 सितंबर की शाम 5 बजे से ही दर्शन पुनः शुरू होंगे। श्री श्याम मंदिर कमेटी के मंत्री मानवेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि 7 सितंबर को चंद्रग्रहण पड़ रहा है, वहीं 8 सितंबर को बाबा श्याम का वार्षिक तिलक महोत्सव होना है। इन्हीं कारणों से परंपरा के



अनुसार मंदिर में 6 सितंबर की रात से लेकर 8 सितंबर की शाम तक दर्शन बंद रखे जाएंगे। इस अवधि में मंदिर परिसर में केवल धार्मिक अनुष्ठान और परंपरागत क्रियाएं ही संपन्न होंगी। उल्लेखनीय है कि बाबा खाटूश्यामजी का यह दरबार देश ही नहीं, बल्कि विदेशों से आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। यहां प्रत्येक माह अमावस्या के बाद और विशेष पर्व-त्योहारों पर बड़ी संख्या में भक्त जुटते हैं। इन अवसरों पर बाबा का विशेष तिलक एवं श्रृंगार किया जाता है। परंपरा के अनुसार तिलक से पूर्व मंदिर को बंद रखा जाता है ताकि धार्मिक अनुष्ठान निर्विघ्न पूरे किए जा सकें। मंदिर समिति ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे तय समय से पहले यात्रा की योजना न बनाएं और 8 सितंबर की शाम 5 बजे के बाद ही दर्शन के लिए पहुंचें।

## भोपाल में आज गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन, चल समारोह निकलेंगे

**भोपाल :** राजधानी भोपाल में आज (शनिवार को) गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा। इसके साथ ही चल समारोह निकलेंगे। इसे लेकर नगर निगम और पुलिस ने पुख्ता इंतजाम किए हैं। प्रमुख घाटों पर सीसीटीवी कैमरे, गोताखोर, फायर ब्रिगेड और क्रेन तैनात रहेंगे। गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन प्रेमपुरा घाट, कमलापति घाट, बैरागढ़, हथाईखेड़ा डेम पर होगा। शहर में कई मार्ग बदले रहेंगे। भोपाल के 6 बड़े घाटों पर शनिवार को गणेश मूर्तियों का विसर्जन होगा। बड़ी मूर्तियों को क्रेन और छोटी को कुंड में विसर्जित किया जाएगा। वहीं, शहर में जुलूस रूट पर कुंड के अलावा 33 जगहों पर स्टॉल भी लगेंगे। जहां लोग गणेश मूर्तियां रख सकेंगे। फिर निगम इन्हें विसर्जित करेगा। डोल ग्यारस (एकादशी) से निगम, प्रशासन और पुलिस अमला घाटों पर तैनात हो गया है, जो 8 सितंबर तक रहेगा। पूर्व में हुए हादसों को देखते हुए पानी में उतरकर मूर्ति विसर्जित करने की मनाही रहेगी। बड़ी मूर्तियों के लिए सभी घाटों पर क्रेन मौजूद है। पूजा-अर्चना के बाद लोग क्रेन पर मूर्ति रखेंगे, जिन्हें तालाब में विसर्जित कर दिया जाएगा।

## छत्तीसगढ़ : बलरामपुर नगर पालिका कार्यालय की छत पर लाखों रुपए की दवाएं बर्बाद, लगा लापरवाही का आरोप

**बलरामपुर :** जिले के बलरामपुर नगर पालिका कार्यालय में मुख्यमंत्री शहरी स्वास्थ्य स्लम योजना की दवाओं को लेकर लापरवाही का मामला सामने आया है। कार्यालय की छत पर खुले आसमान के नीचे रखी लाखों को कीमत की दवाएं एक्सपायर हो गई है। यह मामला तब सामने आया जब बारिश के दौरान खराब दवाएं नीचे गिरने लगीं। पार्षदों ने जब छत पर जाकर देखा तो दवाओं का जखीरा मिला। नगर पालिका परिषद के उपाध्यक्ष दिलीप सोनी ने आज बताया कि, ये दवाएं दो महीने पहले एक्सपायर हो गई हैं। मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वपूर्ण पहल है। इसका उद्देश्य शहरी मलिन बस्तियों के गरीब नागरिकों को नि:शुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करना है।

# मध्य प्रदेश में लगातार भारी बारिश से बिगड़े हालात, नदियां उफान पर, कई जिलों में अलर्ट

एजेंसी

**भोपाल :** मध्य प्रदेश में मानसून का असर लगातार गहराता जा रहा है। शुक्रवार से शुरू हुआ तेज बारिश का सिलसिला शनिवार को भी थमने का नाम नहीं ले रहा है। मौसम विभाग ने प्रदेश के कई हिस्सों में भारी से अति भारी वर्षा की चेतावनी जारी की है। इंदौर, उज्जैन, भोपाल, ग्वालियर और जबलपुर जैसे बड़े शहरों के साथ-साथ झाबुआ, धार, शाजापुर, राजगढ़, गुना, मंदसौर, नीमच, रतलाम, आगर-मालवा और श्योपुर जिलों में भी अलर्ट जारी किया गया है। विभाग का कहना है कि फिलहाल प्रदेश में तीन-तीन वेदर सिस्टम एक साथ सक्रिय हैं, जिनमें एक सुस्पष्ट निम्न दाब क्षेत्र और मानसून ट्रफ शामिल है। इसी कारण से लगातार तेज बारिश हो रही है और कई जगहों पर बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। अगले 48 घंटे तक यही स्थिति बनी रहने की संभावना जताई जा रही है। मौसम वैज्ञानिक वेद प्रकाश सिंह ने बताया कि एक से पांच सितम्?बर तक दीर्घावधि औसत से 25% अधिक, पूर्वी मध्य प्रदेश मे औसत से 22% अधिक, पश्चिमी मध्य प्रदेश में औसत से 28% अधिक वर्षा हो चुकी है। राज्य के पश्चिमी और उत्तरी इलाकों में शुक्रवार से ही जोरदार बारिश का दौर जारी है। मालवा-निमाड़ अंचल में कई जगह झमाझम पानी गिरा। उज्जैन में शिप्रा नदी का जलस्तर बढ़ने से निचले इलाकों में पानी भर गया। रतलाम में सड़कों पर दो-दो फीट पानी बहने लगा। उज्जैन में कई घरों और दुकानों में पानी घुस गया। भारी





बारिश की आशंका को देखते हुए इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर और धार में स्कूलों और आंगनबाड़ियों में अवकाश घोषित कर दिया गया है। इंदौर में जिला प्रशासन ने शनिवार को सभी सरकारी और निजी स्कूलों को बंद रखने का आदेश दिया है। बारिश के आंकड़ों की बात करें तो शुक्रवार को उज्जैन में सवा दो इंच, इंदौर में डेढ़ इंच और शिवपुरी में एक इंच पानी दर्ज किया गया। इसके अलावा भोपाल, दतिया, गुना, ग्वालियर, नर्मदापुरम, रतलाम, सिवनी, टीकमगढ़, बालाघाट, धार, बड़वानी, श्योपुर, विदिशा और मुरैना में हल्की से मध्यम बारिश का दौर जारी रहा। तेज बारिश के कारण नदियां-नाले उफान पर आ गए हैं और हादसों की घटनाएं भी सामने आ रही हैं। राजगढ़ जिले के सारंगपुर में कालीसिंध नदी के पुल से एक कार बह गई, जिसमें स्थानीय भाजपा नेता का बेटा सवार था। उज्जैन जिले के नंदयासी गांव में भी पुल पार करते समय कार बागेड़ी नदी में बह गई, हालांकि ग्रामीणों ने चालक को सुरक्षित बचा लिया। श्योपुर जिले में कूनो नदी उफान पर है। इसी कारण दिमरछा गांव की एक गर्भवती महिला को पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने नाव से निकालकर अस्पताल पहुंचाया। उधर, नीमच जिले के रतनगढ़ में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की बोलेरो गाड़ी नदी के तेज बहाव में फंस गई। गाड़ी कुछ दूरी तक बहते हुए एक पेड़ से टकराकर रुक गई और मौके पर मौजूद लोगों ने डॉक्टरों व ड्राइवर को सुरक्षित निकाल लिया। इटारसी में सुखतवा नदी में नहाने गए दादा-पोते की डूबने से मौत हो गई, जिनके शव अगले दिन बरामद हुए। धार जिले के मुलथान गांव में चार मकान गिर गए, जबकि मनावर और केसूर क्षेत्र में भी दीवारें और बाजार जलमग्न हो गए। खरगोन जिले के महेश्वर में नर्मदा नदी का जलस्तर सामान्य से चार मीटर ऊपर दर्ज किया गया है। नर्मदा नदी के तटीय क्षेत्रों में खास सतर्कता बरती जा रही है। मंडलेश्वर और महेश्वर में अलर्ट जारी है और निचले इलाकों में मुनादी कर लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने की सलाह दी जा रही है। ओंकारेश्वर और इंदिरा सागर बांध के गेट खोल दिए गए हैं। ओंकारेश्वर से करीब 10 हजार क्यूमैक्स पानी छोड़े जाने से नर्मदा का जलस्तर तेजी से बढ़ा है।

# जॉर्जिया में हुंडई के संयंत्र से दक्षि ा कोरियाई बैटरी निमार्ता के 475 कर्मचारी गिरफ्तार

एजेंसी

**वाशिंगटन (अमेरिका) :** आव्रजन अधिकारियों ने दक्षिण पूर्वी संयुक्त राज्य अमेरिका के राज्य जॉर्जिया स्थित हुंडई के एक संयंत्र से 475 लोगों को गिरफ्तार किया है। यह सभी एक प्रमुख दक्षिण कोरियाई बैटरी निमार्ता के कर्मचारी है। अमेरिकी अधिकारियों ने इसे एक ही स्थान पर सबसे बड़ा होमलैंड सुरक्षा प्रवर्तन अभियान बताया है। द न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर के अनुसार, जॉर्जिया में होमलैंड सुरक्षा जांच के प्रभारी विशेष एजेंट स्टीवन श्रैंक ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि एजेंटों ने गुरुवार को जॉर्जिया के एलाबेल में सवाना के पास हुंडई के इलेक्ट्रिक वाहन बैटरी संयंत्र के निर्माण स्थल से 475 लोगों को गिरफ्तार किया। इनमें से अधिकांश दक्षिण कोरियाई नागरिक हैं। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई कई महीनों तक चली एक




जांच का परिणाम है। विशेष एजेंट श्रैंक ने कहा कि गिरफ्तार किए गए कर्मचारी या तो अवैध रूप से अमेरिका में थे या गैरकानूनी तरीके से काम कर रहे थे। इस अभियान का उद्देश्य ₹कानून का पालन करने वाले व्यवसायों के लिए समान अवसर₹ सुनिश्चित करना है। यह कर्मचारी बैटरी निमार्ता एलजी एनर्जी सॉल्यूशन के हैं। यह कंपनी हुंडई मोटर ग्रुप के साथ इस संयंत्र का सह-स्वामित्व रखती है। हुंडई ने स्वीकार किया है कि उसकी सहयोगी कंपनियों के कर्मचारियों को हिरासत में लिया गया है। मगर इनमें हुंडई का एक भी कर्मचारी नहीं है। दक्षिण कोरिया के विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को पुष्टि की कि हिरासत में लिए गए लोगों में दक्षिण कोरियाई नागरिक भी शामिल हैं, हालांकि यह नहीं बताया कि कितने लोग हिरासत में हैं। इस बीच अटलांटा के आव्रजन वकील चार्ल्स कुक ने बताया कि उनके दो मुवक्किल वीजा छूट कार्यक्रम के तहत देश में थे। उन्हें भी पकड़ा गया है। एशियन अमेरिकंस एडवांसिंग जस्टिस के अटलांटा कार्यालय के संचार निदेशक जेम्स वू ने कहा कि वह पूरे दिन जॉर्जिया भर के दक्षिण कोरियाई निवासियों से फोन पर बात करते रहे। वू ने कहा, ₹लोग सदमे में हैं।₹ कूटनीतिज्ञों का मानना है कि राष्ट्रपति ट्रंप के इस अभियान ने दक्षिण कोरिया में कूटनीतिक चिंता पैदा कर दी है। एक हफ्ते पहले ही ट्रंप ने व्हाइट हाउस में दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग की मेजबानी की थी। इस दौरान दक्षिण कोरियाई नेता ने बैटरी निर्माण सहित संयुक्त राज्य अमेरिका में अतिरिक्त 150 अरब डॉलर का निवेश करने का वादा किया था। जॉर्जिया के गवर्नर और रिपब्लिकन ब्रायन केम्प ने कहा कि 7.6 अरब डॉलर की हुंडई ई.वी. फैक्टरी को राज्य के इतिहास की सबसे बड़ी आर्थिक विकास परियोजना के रूप में प्रचारित किया गया है।

## भोपाल में आज एंटरप्रेन्योर एआई समिट-2025 का आयोजन, मंत्री सारंग करेंगे शुभारंभ

एजेंसी

**भोपाल :** राजधानी भोपाल में टीआईई मध्य प्रदेश द्वारा एंटरप्रेन्योर एआई समिट 2025 का आयोजन आज (शनिवार को) मैरियट होटल में किया जा रहा है। समिट का शुभारंभ खेल और युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग करेंगे। यह समिट उद्यमियों, स्टार्टअप्स, टरटए२ और प्रोफेशनल्स के लिए एक बड़ा अवसर है, जो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का उपयोग कर अपने व्यवसाय को और अधिक स्मार्ट, तेज और स्केलेबल बनाना चाहते हैं।

### कार्यक्रम का विस्तृत विवरण

TiE MP के प्रेसिडेंट सावन लड्ढा ने बताया कि समिट-2025 सुबह 9:30 बजे से शाम 5:00 बजे तक आयोजित होगी। यह समिट केवल एआई को समझने तक सीमित नहीं है बल्कि इसमें एआई को वास्तविक रूप से लागू करने के लिए प्रैक्टिकल जानकारी और लाइव डेमो भी प्रस्तुत किए



जाएंगे। व्यवसाय का भविष्य कैसे बदलेगा, एआई प्रतिभागियों को ऐसी ऑटोमेशन टेक्नोलॉजी और टूल्स से परिचित कराया जाएगा। जिन्हें वे सीधे अपने सेल्स, ऑपरेशन्स, ह्यूमन रिसोर्सेज और कस्टमर रिलेशनशिप मैनेजमेंट जैसे क्षेत्रों में लागू कर सकते हैं।

लड्ढा ने बताया कि लाइव डेमो, केस स्टडीज और इंटरएक्टिव सेशन्स के माध्यम से यह दिखाया जाएगा कि एआई आधारित सिस्टम से व्यवसायों की उत्पादकता और विकास की गति कैसे बढ़ाई जा सकती है। समिट के मुख्य वक्ता संजीव जैन होंगे। प्रख्यात सीरियल एंटरप्रेन्योर संजीव जैन जिन्होंने अब तक सात से अधिक टेक कंपनियाँ स्थापित की हैं।

## न्यूज IN ब्रीफ

### मप्रः मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज प्राकृतिक आपदा प्रभावितों को वितरण करेंगे राहत राशि

**भोपाल :** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज (शनिवार को) प्रातः 11 बजे प्राकृतिक आपदा से हुई फसल क्षति के प्रभावित किसानों के खाते में राहत राशि का अंतरण करेंगे। कार्यक्रम में संबंधित जिले के कलेक्टर और संबंधित विभाग के अधिकारी भी वर्चुअली शामिल होंगे। मुख्यमंत्री कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री डॉ. यादव किसान हितग्राही किसानों के खातों में राहत राशि का सीधा अंतरण करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री प्रभावित किसान हितग्राहियों से सीधे संवाद भी करेंगे और उनकी समस्याएं सुनेंगे। राज्य सरकार ने स्पष्ट किया है कि प्राकृतिक आपदाओं से फसल क्षति झेल रहे किसानों को समय पर आर्थिक मदद देना सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### एक बार फिर डरा रहा है गंगा यमुना का बढ़ता जलस्तर

**प्रयागराज :** पतित पावनी मां गंगा एवं यमुना का बढ़ता जल स्तर एक बार फिर प्रयाग वासियों में बाढ़ का डर पैदा कर रहा है। शुक्रवार की शाम संगम स्थित बंधवा के लेटे हनुमान मंदिर का गर्भगृह इस सीजन में पांचवीं बार जलमग्न हो गया। शनिवार सुबह जलस्तर बढ़ रहा है हालांकि इस बार जलस्तर बढ़ने की गति थोड़ा धीमी है। निरंजनी अखाड़े के महामंडलेश्वर स्वामी बलबीर गिरी ने बताया कि शुक्रवार की शाम पतित पावनी मां गंगा एवं यमुना और अदृश्य सरस्वती का पावन जल विश्व प्रसिद्ध श्री लेटे हनुमान मंदिर में प्रवेश किया और मंदिर परिसर जल मग्न हो गया। बाढ़ आने की वजह मंदिर के कपाट को बंद कर दिया गया है प्रयागराज में यमुना नदी के नैनी 81.55 मीटर से अधिक बढ़ गया है। इसी तरह गंगा नदी के फाफामऊ 81.71 मीटर से ऊपर जलस्तर पहुच चुका है। इसी तरह गंगा छतनाग में 81.00मीटर से अधिक जलस्तर पहुच चुका है। जलस्तर बढ़ना जारी है। जलस्तर बढ़ने से नदी के किनारे लोग इस डर में है कि कहीं एक फिर घरों में पानी न भर जाय। जिससे उनकी दिनचर्या प्रभावित हो जाएगी। वहीं दूसरी बाढ़ आपदा प्रबंधन की टीमें सक्रिय कर दी गई है। जिला अधिकारी मनीषा कुमार वर्मा ने जिम्मेदार अधिकारियों को निर्देश दिया है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की निगरानी लगाकर की जाय।

### जौनपुर पुलिस मुठभेड़ में अन्तर्जनपदीय शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

**उत्तर प्रदेश :** खेतासराय व थाना खुटहन पुलिस टीम के साथ हुए पुलिस मुठभेड़ में अन्तर्जनपदीय शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है । क्षेत्राधिकारी शाहगंज अजीत सिंह चौहान ने बताया कि शुक्रवार की रात प्रभारी निरीक्षक खुटहन चन्दन कुमार राय द्वारा पुलिस टीम के साथ हलमापुर नहर पुल पर संदिग्ध वाहन की चेकिंग की जा रही थी कि गभीरन की तरफ से बाईक से आ रहे एक व्यक्ति को रोकने का इशारा किया गया कि बाईक सवार युवक को पुलिस टीम ने रोकने का प्रयास किया। युवक कलापुर की तरफ भागने लगा। प्रभारी निरीक्षक खुटहन द्वारा कन्ट्रोल रुम व प्रभारी निरीक्षक खेतासराय को सूचना देते हुए अपने वाहन से पीछा करने लगे। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक रामाश्रय राय व पुलिस टीम को तरसावा मोड़ से एक बाइक सवार व्यक्ति आता हुआ दिखाई दिया । बाईक सवार युवक को रोकने का प्रयास किया गया ।पुलिस वालो पर जान से मारने की नियत से अपने हाथ मे लिए तमंचे से एक राउण्ड फायर किया।पुलिस द्वारा आत्मरक्षा में किये फायर में अभियुक्त को बायें पैर में गोली लगी, नाम पता पूछा गया तो उसने अपना नाम दीपक दुबे उर्फ रिंकू पण्डित पुत्र स्व0 रामप्रकाश निवासी दौलतपुर पिलकिछा थाना खुटहन जौनपुर बताया। बदमाश के पास से तमंचा कारतूस व बाईक बरामद हुई। अभियुक्त पर एक दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। घायल अभियुक्त को इलाज के लिए पीएचसी खेतासराय भेजा गया। विधिक कार्यवाही की जा रही हैं।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अनंत चतुर्दशी पर प्रदेशवासियों को दी शुभकामनाएं

**भोपाल :** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेशवासियों को अनंत चतुर्दशी पर शुभकामनाएं दी है। इसके साथ ही उन्होंने प्रदेश की समृद्धि और खुशहाली की कामना की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए अपने शुभकामना संदेश में कहा अनंत संसार महासुमद्रे मग्रं समभ्युद्धर वासुदेव। अनंतरूपे विनियोजयस्व ह्वानंतसूत्राय नमो नमस्ते।। अनंत चतुर्दशी की आप सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। प्रभु श्रीहरि विष्णु जी और श्री गणेश जी के आशीर्वाद से चहुंओर खुशहाली, आरोग्यता और सौभाग्य का वास हो, यही प्रार्थना है।

### जयपुर में जर्जर हवेली ढही, पिता-पुत्री की मौत

**जयपुर :** राजधानी जयपुर में शुक्रवार रात बड़ा हादसा हो गया। सुभाष चौक सर्किल स्थित बाल भारती स्कूल के पीछे बनी चार मंजिला जर्जर हवेली अचानक भरभराकर ढह गई। हादसे में सात लोग मलबे में दब गए। इनमें से चार को रेस्क्यू कर सकुशल बाहर निकाल लिया गया, जबकि पिता और उनकी छह वर्षीय पुत्री की मौत हो गई। एक अन्य की हालत गंभीर बनी हुई है और उसे सवाई मानसिंह अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार हादसा शुक्रवार आधी रात करीब 12 बजे हुआ। मलबे में दबे प्रभात (33) और उनकी बेटी पीहू (6) की मौके पर ही मौत हो गई। प्रभात की पत्नी सुनीता (25) घायल हुई है, जिसे गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह तीनों शुक्रवार रात से मलबे में दबे थे और शनिवार सुबह करीब सात बजे तक चले रेस्क्यू अभियान के बाद बाहर निकाले जा सके। स्थानीय निवासियों के मुताबिक यह हवेली काफी पुरानी और जर्जर अवस्था में थी, जो चूने से बनी हुई थी। बताया जा रहा है कि हवेली में करीब 20 लोग किराये पर रहते थे, जो सभी पश्चिम बंगाल से आकर यहां बसे थे। हादसे की सूचना पर सिविल डिफेंस और एसडीआरएफ की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं और राहत-बचाव कार्य शुरू किया। रातभर चला अभियान सुबह तक जारी रहा। मौके पर एसीपी माणक चौक पीयूष कविया, रामगंज थानाधिकारी सुभाष कुमार और सुभाष चौक थानाधिकारी लिखमाराम पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

### उत्तर-पूर्वी दिल्ली में दो युवकों की गोली मारकर हत्या

**नई दिल्ली :** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के हर्ष विहार थाना क्षेत्र के प्रताप नगर में दो युवकों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस के अनुसार, मृतकों की पहचान सुधीर उर्फ बंटी (35) और राधे प्रजापति (30) के रूप में हुई है। दोनों रिश्ते में दूर के भाई हैं और इलाके में ही पार्किंग का काम करते थे। पीड़ित परिवार के मुताबिक, शुक्रवार शाम करीब 7:15 बजे सुधीर और राधे घर के बाहर गली में बैठे थे। तभी कुछ लड़के आए और उन पर ताबड़तोड़ गोली चलाकर फरार हो गए। दोनों को जीटीबी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# गुरु के बिना जीवन अधूराः शिक्षक दिवस पर डीआईजी नौशाद आलम ने साझा किया अपना अनुभव

**बिनय मिश्रा**

**मेदिनीनगर :** शिक्षक दिवस के अवसर पर हिंदुस्तान अवाम मोर्चा (हम) पार्टी की ओर से मेदिनीनगर के रेड़मा स्थित ठाकुरबाड़ी में शिक्षक सम्मान समारोह सह कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पलामू रेंज के डीआईजी नौशाद आलम तथा हम पार्टी के झारखंड प्रदेश प्रभारी सुनील कुमार चौबे उपस्थित रहे। इस अवसर पर हम पार्टी के जिला अध्यक्ष आशुतोष तिवारी ने मुख्य अतिथियों का शॉल और मोमेंटो देकर स्वागत किया।

कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर की गई। इसके बाद समारोह में शामिल सभी कवियों को शॉल और रामचरितमानस भेंटकर सम्मानित किया गया। मौके पर डीआईजी नौशाद आलम ने अपने संबोधन में शिक्षक के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षक दिवस मनाने की परंपरा भारत के दूसरे राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन



की जयंती से जुड़ी है।

वे एक महान दार्शनिक और आदर्श शिक्षक थे। उन्होंने हमेशा कहा कि यदि आप मुझे सम्मान देना चाहते हैं तो उसे शिक्षक दिवस के रूप में मनाइए। तभी से हर वर्ष 5 सितंबर को पूरे देश में शिक्षक दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य शिक्षकों के योगदान को याद करना और समाज में उनके महत्व को रेखांकित करना है।

वही डीआईजी ने कहा कि जब तक जीवन में शिक्षक नहीं रहेंगे, गुरु का ज्ञान नहीं मिलेगा, तब तक कोई भी व्यक्ति किसी आयाम तक नहीं पहुंच सकता।

उन्होंने अपने जीवन का एक संस्मरण साझा करते हुए बताया कि डीएसपी रहते हुए एक बार गांव में गश्ती के दौरान मैं अपने एक शिक्षक से मिला। पुलिस की गर्दी ओर वर्दी में पुलिस देखकर वें शिक्षक साइकिल छोड़कर भागने लगे। तब मैंने दौड़कर उन्हें आवाज दी और कहा– गुरुजी, मैं आपका शिष्य नौशाद हूं। फिर उनके चरण छूकर आशीर्वाद लिया। और उनसे कहा आज मैं जो कुछ भी हूं, अपने शिक्षकों के ही आशीर्वाद और मार्गदर्शन से हूं। समारोह में बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे और शिक्षकों को सम्मान देने की इस पहल की सराहना की।

## न्यूज IN ब्रीफ

### भरठुआ बंदूक के साथ एक गिरफ्तार भेजा गया जेल

**मेदिनीनगर :** चैनपुर थाना क्षेत्र के हुकवा गांव से गुरुवार की शाम में भरठुआ बंदूक के साथ एक अधेड़ को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया गया है। आरोपी की पहचान चैनपुर थाना क्षेत्र के हुकवा गांव निवासी डोमन सिंह के रूप में की गई है। चैनपुर के थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा ने बताया कि गुरुवार को प्राप्त सूचना का सत्यापन के क्रम में आरोपी को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेजा गया है। हुकवा गांव में वह लोगों को डराने-धमकाने के लिए भरठुआ बंदूक लेकर घुम रहा था। सूचना पर गांव पहुंची पुलिस टीम ने आरोपी को उसके घर के पास भरठुआ बंदूक लेकर घूमते हुए गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह शौक से भरठुआ बंदूक रखा हुआ था। हालांकि गांव में चर्चा है कि वह जानवर मारने का उपयोग करता था।

### अभिवंचित बस्ती के बच्चों संग मनाया शिक्षक दिवस

**मेदिनीनगर :** सदर प्रखंड के रजवाडीह मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी ने अभिवंचित बस्ती के केवालटोला में बच्चों संग शिक्षक दिवस मनाया। विद्यालय में छुट्टी रहने के कारण गणेशपुर के शिक्षक राहुल शंकर तिवारी के साथ प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी केवालटोला पहुंचे, बच्चों व अभिभावकों से मिलकर संवाद किया तथा उनके बीच बैलून व टाफियों का वितरण किया। इस अवसर पर भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति, द्वितीय राष्ट्रपति, महान शिक्षक व दार्शनिक डॉ राधाकृष्णन को याद करते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षा के बिना जिंदगी अधूरी है। इसलिए पढ़ना बहुत जरूरी है। डॉ राधाकृष्णन राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की भूमिका को बार-बार रेखांकित करते थे।इसलिए वे चाहते थे कि बच्चों को गढ़ने वाले शिक्षकों को सम्मान मिले।

### स्टेशन के दो स्टॉल बंद होने से बढी यात्रियों की परेशानी

**जमशेदपुर :** टाटानगर स्टेशन स्थित एक नंबर प्लेटफार्म के बाद चार-पांच स्थित मल्टीपरपज स्टॉल भी बंद हो गया। इससे ट्रेन का इंतजार कर रहे यात्रियों की परेशानी बढ़ गई क्योंकि मल्टीपरपज स्टॉल से यात्रियों को सिर्फ खानपान सामग्री या बोतलबंद पानी नहीं बल्कि दैनिक जरूरत का कई सामान भी मिलता था। बताया जाता है कि रेलवे ने मल्टीपरपज स्टॉल को लाइसेंस की अवधि खत्म होने के कारण बंद कराया है। लेकिन यात्री सुविधा में जल्द नई एजेंसी को मल्टीपरपज स्टॉल संचालन की जिम्मेदारी दी जाएगी। वहीं, टाटानगर स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर बंद दो स्टॉल और रेस्टोरेंट को भी खोलने की प्रक्रिया दक्षिण पूर्व रेलवे जोन और आईआरसीटीसी में शुरू है।

### लोगों ने डुमरिया में ग्राम स्वशासन की व्यवस्था को देखा

**जमशेदपुर :** एक टीम ने ग्राम स्वशासन अभियान कार्यक्रम के तहत ते सिए सन्नी, कैलाश, सुभाष और शिवांगी ने डुमरिया प्रखंड के धोलाबेड़ा पंचायत का दौरा किया। धोलाबेड़ा गांव पहुंचने पर ग्राम प्रधान और महिलाओं ने पारंपरिक तरीके से अतिथियों का स्वागत किया।टीम ने ग्राम सभा सचिवालय में दस्तावेजों और सामग्रियों का निरीक्षण किया तथा ॠकाम मांगोॠ अभियान के तहत शुरू किए गए आम बागवानी और मैदान समतलीकरण कार्य को देखा। इसके अलावा ग्रामीणों के श्रमदान से बने कुएं का भी अवलोकन किया।विद्यालय प्रांगण में ग्रामीणों के साथ बैठक में मेहमानों ने परियोजनाओं को लेकर सवाल पूछे, जिनका संतोषजनक उत्तर मिला। टीम ने श्रमजीवी महिला समिति और परगना लखन मार्डी से आग्रह किया कि अधिकतम छात्राओं को स्कॉलरशिप से जोड़ा जाए। इस कार्यक्रम में लखन मार्डी, मुखिया गुमी सोरेन, ग्राम प्रधान हिंदू सोरेन समेत समस्त ग्रामीणों का सहयोग सराहनीय रहा।

### रेलकर्मियों को बोनस में मिलेगा 17 हजार 980 रुपये

**जमशेदपुर :** रेलवे दुगार्पूजा से पूर्व कर्मचारियों को सीलिंग के आधार पर बोनस देता है, जो अभी 17 हजार 980 रुपये है। नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन रेलवे और ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन लगातार ग्रेड पे और उत्पादकता के आधार पर बोनस देने की मांग बोर्ड में उठाते रहे, लेकिन रेल मंत्रालय ने 2025 में भी कर्मचारियों की बोनस राशि बढ़ाने पर ध्यान नहीं दिया। इससे 5 वर्ष पुराने स्लैब दर से ही रेल कर्मचारियों को बोनस मिलने की उम्मीद है। जानकार बताते हैं कि, रेल कर्मचारियों के बोनस राशि में वृद्धि का प्रस्ताव कैबिनेट में भेजा ही नहीं गया है। हालांकि दोनों फेडरेशन बोनस के स्लैब में बदलाव नहीं होने पर लगातार आंदोलन की चेतावनी दे रहे हैं। बोनस राशि बढ़ाने का पत्र एक बार फिर से रेलवे बोर्ड में दिया गया।

### करियर काउंसलिंग में डॉ पूजा ने किया छात्राओं का मार्गदर्शन

**रामगढ़ :** कोयलांचल स्थित सरस्वती विद्या मंदिर,रजरप्पा प्रोजेक्ट में विद्या विकास समिति की प्रदेश सह मंत्री एवं सीबीएसई रिसोर्स पर्सन डॉ. पूजा का एक दिवसीय प्रवास संपन्न हुआ। विद्यालय प्रांगण में आगमन पर प्राचार्य उमेश प्रसाद ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर डॉ. पूजा ने कक्षा नवम से द्वादश तक की बहनों के साथ विशेष काउंसलिंग सत्र आयोजित किया। उन्होंने छात्राओं को करियर चयन, समय प्रबंधन, मानसिक स्वास्थ्य, परीक्षा की तैयारी और जीवन में लक्ष्य निर्धारण के महत्व पर मार्गदर्शन प्रदान किया। छात्राओं ने उनसे विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका उन्होंने सरल और प्रभावी उत्तर देते हुए समाधान किया। डॉ. पूजा ने कहा कि सही दिशा और सकारात्मक सोच से ही उज्ज्वल भविष्य का निर्माण संभव है। उन्होंने छात्राओं को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने और निरंतर सीखने की प्रेरणा दी। प्राचार्य उमेश प्रसाद ने डॉ. पूजा के आगमन के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन से छात्राओं को सही दिशा मिलेगी और शैक्षणिक प्रगति को नई गति प्राप्त होगी।इस काउंसलिंग सत्र में विद्यालय की कन्या भारती प्रमुख डॉक्टर गायत्री कुमारी उपस्थित थी।

### ईद ए मिलाद उन नबी पर जुलूस का आयोजन

**रामगढ़ :** पैगंबर हजरत मुहम्मद का जन्मदिन ईद मिलाद उन नबी मुस्लिम समुदाय ने शुक्रवार को शहर सहित जिलाभर में अकीदत के साथ मनाया। इस दौरान मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा मस्जिदों में विशेष नमाज अदा की गई । वहीं दोपहर को समाज के लोगों ने गाजे बाजे के साथ जुलूस का आयोजन किया। जुलूस के दौरान कई समाज सेवी संस्थाओं ने जगह जगह स्टॉल लगाकर जुलूस में शामिल लोगों का शर्बत, मिठाई एवं पानी के साथ स्वागत किया गया। जबकि जुलूस को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए थे।

# जया ने एमए राजनीतिक विज्ञान में प्रथम श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त किया



### जया के पिता प्रोफेसर विकास मिश्रा जगन्नाथपुर डिग्री कॉलेज के प्राचार्य हैं

### जया ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता- पिता और परिजनों को दिया

**संवाददाता**

**जमशेदपुर :** महिला विश्व विद्यालय जमशेदपुर के आज एम ए के परीक्षाफल आने के पश्चात एम ए की छात्रा जया आस्था राजनैतिक विज्ञान शास्त्र में 78.8% लाकर अव्वल रहीं। जया आस्था इससे पूर्व भी अव्वल आकर अपने शहर चक्रधरपुर जिला पश्चिम सिंहभूम का नाम गौरवान्वित कर चुकी है। वहीं एम ए राजनैतिक विज्ञान शास्त्र में प्रथम श्रेणी में प्रथम आकर एक किर्तिमान भी बनाया है। इस सफलता पर जया आस्था काफी हर्षित और उत्साहित है और इसका श्रेय उन्होंने अपने पिता प्रोफेसर विकास मिश्रा जगन्नाथपुर डिग्री कॉलेज के प्राचार्य और माता अनीता मिश्रा तथा परिजनों को दिया है। जया आस्था के दादा जी स्वर्गीय डॉ राधेश्वर मिश्रा भी जवाहरलाल नेहरू कॉलेज के हिंदी के प्रोफेसर थे। जया आस्था अपनी कामयाबी से काफी हर्षित और प्रफुल्लित है।

# जामताड़ा में ग्रामीणों ने बना डाली डायवर्सन सड़क, एकता की मिसाल

### प्रशासन से कई बार कर चुके थे गुहार



**संवाददाता**

**जामताड़ा :** ग्रामीणों ने दृढ़ संकल्प और एकजुटता का परिचय देते हुए डायवर्सन सड़क बनाकर एकता की मिसाल कायम की है। दरअसल जुलाई महीने के अंत में भारी बारिश की वजह से जामताड़ा-देवघर को जोड़ने वाला दक्षिण बहाल पुल क्षतिग्रस्त हो गया था। ग्रामीणों ने प्रशासन से लेकर शासन तक डायवर्सन सड़क बनाने की मांग की लेकिन उन्हें वहां से कोई सफलता नहीं मिली। जिसके बाद ग्रामीणों ने पैसे जुटाकर डायवर्सन सड़क बना दी। भारी बारिश की वजह से जामताड़ा दक्षिण बहाल गांव होते हुए देवघर- चितरा-कमार्टांड़ जाने वाली मुख्य सड़क पर बना पुल क्षतिग्रस्त हो गया था। पुल के क्षतिग्रस्त होने के बाद प्रशासन ने आवागमन पर पूरी तरह से रोक लगा दी थी। ताकि कोई अप्रिय घटना ना हो, लेकिन आने जाने के लिए कोई वैकल्पिक रास्ता नहीं होने से स्थानीय लोग परेशान होने लगे। इससे ग्रामीणों को कई किलोमीटर घूमकर जाना पड़ता था। जिसके बाद ग्रामीणों ने खुद समस्या का समाधान ढूंढकर डायवर्सन सड़क बना डाली।

पुल क्षतिग्रस्त होने के बाद ग्रामीणों ने स्थानीय प्रशासन समेत स्थानीय विधायक एवं स्वास्थ्य मंत्री से भी गुहार लगाई ताकि डायवर्सन सड़क बन जाए लेकिन आश्वासन के सिवाय ग्रामीणों को कुछ हासिल नहीं हुआ। ग्रामीणों को जिला प्रसासन की ओर से आश्वासन मिलता था लेकिन ग्रामीणों की समस्या कम नहीं हुई।

**क्या कहते हैं ग्रामीण?**

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि पुल क्षतिग्रस्त होने से स्कूल, अस्पताल और मंडी आने जाने में परेशानी हो रही थी। जिसके बाद ग्रामीणों ने खुद पूंजी जुटाई और मिलकर डायवर्सन सड़क बनाने लगे। हालांकि ग्रामीण अब भी जिला प्रशासन से पुल को दोबारा से बनाने की मांग कर रहे हैं। ग्रामीण बताते हैं कि यह देवघर- चितरा- कमार्टांड़ जाने वाली प्रमुख सड़क है। पुल क्षतिग्रस्त होने से आवागमन प्रभावित हुआ है।अब डायवर्सन से गुजरने वाला हर राहगीर राहत महसूस कर रहा है। ग्रामीणों के काम को वाहन चालकों ने काफी सराहा हैं। उनका कहना है कि जो काम सरकार को करना चाहिए था वो काम ग्रामीणों ने कर दिखाया है।

# आदिवासी समाज देश की धड़कन : काले

जमशेदपुर : भादो एकादशी पर सीतारामडेरा स्थित आदिवासी उरांव समाज समिति ने वार्षिक खेलकूद सह मिलन समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल अमरप्रीत सिंह काले ने समाज को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आदिवासी समाज सदैव राष्ट्र की धड़कन रहा है और जब भी देश को आवश्यकता पड़ी, इस समाज ने राष्ट्र की अस्मिता और स्वाभिमान की रक्षा हेतु बलिदान दिया है। काले ने शिक्षक दिवस पर शिक्षकों को नमन किया और खेलकूद में शामिल उरांव समाज के बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने आयोजन समिति के जिलाध्यक्ष राकेश उरांव, सचिव गंगाराम तिर्की, कोषाध्यक्ष रामू तिर्की, बबलू खलको सहित पूरी टीम को सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी।



## 25 शिक्षकों को किया गया सम्मानित

**रामगढ़ :** रामगढ़ जिला पेंशनर्स कल्याण समाज के अनुमंडल परिसर स्थित कार्यालय में 5 सितंबर को शिक्षक दिवस मनाया गया। मौके पर सर्वप्रथम अध्यक्ष आशुतोष कुमार सिंह एवं अन्य उपस्थित पेंशनरों द्वारा डॉ राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किया गया । अध्यक्ष आशुतोष कुमार सिंह ने कहा कि डॉ राधाकृष्णन महान दार्शनिक, शिक्षाविद, चिंतक, भारतीय संस्कृति के ज्ञानी,समाज सुधारक एवं भारतीय गणराज्य के द्वितीय राष्ट्रपति थे। उन्होंने कहा कि शिक्षा के माध्यम से ही मानव मस्तिष्क का सदुपयोग किया जा सकता है। उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को राष्ट्र हमेशा याद करेगा एवं ऋणी रहेगा।

रामगढ़ जिला बुद्धिजीवी मंच के अध्यक्ष संस्कृत विद्वान शिक्षक डॉ सुनील कुमार कश्यप ने कहा की डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने शिक्षक के सम्मान को गौरव शिखर तक पहुंचा और राष्ट्रपति पद को सुशोभित किया । कहा कि यह हम शिक्षकों के लिए गौरव का विषय है इसलिए हम सभी को उनके बताए मार्ग पर चलना चाहिए । शिक्षाविद वासुदेव महतो ने कहा कि डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने यह सिद्ध कर दिखाया की एक शिक्षक भी चाहे तो सर्वोच्च पद को सुशोभित कर सकता है । रामप्रसाद महतो ,घनश्याम महतो , वृंदावन सिह आदि ने भी डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर भी प्रकाश डालस। कार्यक्रम के दौरान 25 शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

# उपप्रमुख सह उद्योगपति अरुण साबू ने जीएसटी सुधारों की जमकर की तारीफ

### अब तक का सबसे बेहतरीन फैसला

**संवाददाता**

**खूंटी :** मुरहु उप प्रमुख सह उद्योगपति अरुण कुमार साबू ने भारत सरकार द्वारा हाल ही में लागू किए गए जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) सुधारों की जोरदार सराहना करते हुए इसे अब तक का सबसे बेहतरीन फैसला बताया है। साबू ने कहा कि ये सुधार ऐसे हैं जैसे किसी घर के बुजुर्ग ने परिवार की भलाई के लिए टैक्स स्लैब बनाए हों।

अपने एक विस्तृत बयान में साबू ने कहा, जीएसटी रिफॉर्म्स बेहतरीन हैं, टैक्स कम हुआ है, लेकिन गौर से देखिए। इन सुधारों में एक गहरी सोच और आम आदमी की जरूरतों का ख्याल रखा गया है।

उन्होंने इन सुधारों के फायदों को दस बिंदुओं में समझायाः

सेहत बनाम जंक फूडः पनीर, दूध, रोटी जैसे स्वस्थ खाद्य पदार्थ टैक्स-फ्री हैं, जबकि कोल्ड ड्रिंक और फास्ट फूड पर टैक्स बढ़ाया गया है। संदेश स्पष्ट हैः सेहतमंद खाओ, जंक फूड नहीं। नशे पर अंकुशः सिगरेट, शराब और तंबाकू उत्पादों पर टैक्स बढ़ा है ताकि लोग इनसे दूर रहें।

रोजमर्रा की जरूरतें सस्तीः साबुन, तेल, शैम्पू जैसे दैनिक उपयोग की वस्तुओं पर टैक्स कम किया गया है ताकि घर का बजट आसानी से चल सके।

शिक्षा को बढ़ावाः पेंसिल, कॉपी, मैप्स जैसी शैक्षणिक सामग्री



टैक्स-फ्री है ताकि बच्चे बिना रुकावट पढ़-लिख सकें।

घर की सुविधाः एसी, फ्रिज, टीवी जैसे उपकरणों पर टैक्स कम करने से घर बसाना आसान हुआ है।

सबका अपना घरः घर निर्माण सामग्री जैसे सीमेंट पर टैक्स कम करने का लक्ष्य हर परिवार को अपना घर दिलाना है।

परिवार की सुरक्षाः हेल्थ और लाइफ इंश्योरेंस को टैक्स-फ्री करके परिवार की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है।

सस्ता इलाजः जीवनरक्षक दवाएं टैक्स-फ्री हैं और अन्य दवाओं व मेडिकल टेस्ट पर कम टैक्स है।

रोजगार को सपोर्टः ट्रैक्टर, कटाई मशीन, ऑटो-रिक्शा जैसी आजीविका के साधनों पर टैक्स कम किया गया है।

जरूरत बनाम दिखावाः छोटी कारों और 350सीसी से कम की बाइकों पर टैक्स कम है, जबकि लक्जरी वाहनों पर ज्यादा। संदेश हैः फालतू का दिखावा मत करो, जरूरत की उपयोगी चीज लो।

साबू ने कहा, जैसा आपके पिता आपको समझाते हैं कि जीवन कैसे जीना है, यह टैक्स स्लैब बिल्कुल वैसा ही है। ऐसा लगता है जैसे घर के बड़ों ने बैठकर टैक्स स्लैब बनाया हो। उन्होंने अपनी प्रतिक्रिया को इस तरह समाप्त किया, ₹बस इतना ही है जीएसटी रिफॉर्म, मेरी नजर में यह बजट से भी बेहतर है। इसमें वो सबकुछ है जो मैं सरकार से पिछले कई सालों से मांग रहा था। ऐसा लग रहा है जैसे सरकार ने नहीं, यह जीएसटी रिफॉर्म मैंने खुद किया है। अंत में, उन्होंने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना करते हुए इसे उनका अब तक का सबसे बेहतरीन फैसला बताया और कहा कि इसकी जितनी तारीफ की जाए, कम है।